**Bhopal Metro News**

**2nd September**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पत्रिका | भोपाल | 02.09.2024 | | पहला मेट्रो स्टेशन तैयार |

पत्रिका ZOOM | HYPER LOCAL | भोपाल सोमवार, 02 सितंबर, 2024

# भेल नर्मदापुरम रोड

अयोध्या बाईपास | गोविंदपुरा | बाग सेवनिया | कटारा हिल्स | साकेत नगर



सिटी CLICK

## पहला मेट्रो स्टेशन तैयार

**भोपाल.** शहर में लम्बे समय से चल रहे मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य को लेकर पहले फेस की स्थिति अब स्पष्ट होने लगी है। मेट्रो लाइन के लिए शहर में बनने वाले 14 स्टेशनों में से एक सुभाष नगर में पहला मेट्रो स्टेशन लगभग बनकर तैयार है। **फोटोः** अजय शर्मा

**4th September 2024**

| S.No. | Source | Edition | Page | Date | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | पत्रिका | भोपाल | 3 | 04.09.2024 | मेट्रो.. हबीबगंज नका स्टील ब्रिज अपनी जगह पंहुचा , 5 माह से बंद रास्ता खुलने की उम्मीद |

य एषु सुप्तेषु जागर्ति | भोपाल, बुधवार, 04 सितंबर, 2024 | भाद्रपद शुक्ल पक्ष प्रतिपदा संवत् 2081

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और दिल्ली से प्रकाशित

# पत्रिका

पत्रिका अखबार हर दिन लोगों के घर के दरवाजे खोलता है और पढ़ने के बाद मन के दरवाजे खोलता है।



4 पृष्ठीय मैग्जीन


परिवार



गले में शिकायती पत्रों की माला पहन रेंगते हुए कलेक्टर ऑफिस पहुंचा फरियादी

@मध्यप्रदेश

# मेट्रो...हबीबगंज नाका स्टील ब्रिज अपनी जगह पहुंचा, 5 माह से बंद रास्ता खुलने की उम्मीद




ड्रोन फोटो: रजत शर्मा

## 3 घंटे के ब्लॉक में पूरा हुआ ओवर ब्रिज लॉन्चिग ऑपरेशन

**भोपाल.** मेट्रो रेल के स्टील ब्रिज का दूसरा हिस्सा मंगलवार को रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के पास मेट्रो ट्रैक पर रख दिया। 65 मीटर लंबे, 15 मीटर चौड़े और 14 मीटर ऊंचे इस हिस्से का वजन 400 टन है। इसे बड़ी क्रेन और 75 हॉर्स पॉवर की मशीनों से उठाते हुए 200 लोगों की टीम की मदद से रखा गया। इसके लिए रेलवे लाइन 3 घंटे बंद रही। अब डीआरएम ऑफिस के पास स्टील ब्रिज के ढांचे के दूसरे हिस्से का काम एक माह में पूरा होगा। संभावना है अक्टूबर माह में बंद ट्रैफिक खुल जाएगा।

## लाखों लोग 4 किमी के चक्कर को मजबूर

**हबीबगंज** नाका रेलवे क्रॉसिंग के पास हबीबगंज मार्ग को पांच माह से मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने बंद कर रखा है। इसलिए नर्मदापुरम रोड से एमपी नगर की ओर जाने वाला ट्रैफिक हबीबगंज नाका, डीआरएम कार्यालय, आइएसबीटी, साकेत नगर, अलकापुरी और एम्स जाने वाले लाखों लोग प्रतिदिन 3 से 4 किलोमीटर का लंबा चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

## डीआरएम चौराहे पर 14 मीटर ऊंचा ब्रिज का ढांचा

**रेलवे क्रॉसिंग** के बाद ब्रिज का ढांचा डीआरएम ऑफिस चौराहे पर 48 मीटर लंबा और 8 मीटर चौड़ा बनेगा। यह 14 मीटर ऊंचा रहेगा। मार्च में ब्रिज बनाने की शुरुआत हुई थी। जनवरी-फरवरी में ब्रिज के पार्ट्स अलवर से लाए गए। इन्हें मार्च में असेंबल करना शुरू किया गया, तब से रास्ता डायवर्ट है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 3 | दैनिक भास्कर | भोपाल | 4.09.2024 | J2 | मेट्रो का 400 टन वजनी स्टील ब्रिज 75 हॉर्स पावर की दो मशीनो से लांच |

दैनिक भास्कर भोपाल 04-09-2024 Pg-J2



# भोपाल फ्रंट पेज




## हबीबगंज नाके पर बड़ी बाधा दूर

# मेट्रो का 400 टन वजनी स्टील ब्रिज 75 हॉर्स पावर की दो मशीनों से लॉन्च

**भोपाल** | करीब 184 दिन बाद आखिरकार मेट्रो रेल कंपनी ने हबीबगंज नाके पर रेलवे ओवर स्टील ब्रिज लॉन्च कर दिया है। इसकी शुरुआत के लिए मेट्रो कंपनी ने नर्मदापुरम रोड को हबीबगंज नाका से सांची डेयरी के बीच 3 मार्च को बंद किया था। इसे बनाने का काम 11 मई को शुरू हुआ था। इसे लॉन्च करने के लिए रेलवे ने मेट्रो कंपनी को मंगलवार सुबह 11:30 से 2:30 बजे के बीच का ब्लॉक दिया था। इस दौरान यहां से गुजरने वाली ट्रेनों को डाइवर्ट किया गया था।

**22000 बोल्ट लगे हैं ब्रिज में**

15 मीटर चौड़ा और 14 मी. ऊंचा है ब्रिज

14 मीटर ऊंचाई पर ही असेंबल किया है

**टाइमिंग मैच करवाकर खींचा...** आरओबी को खींचने के लिए कंपनी को 75 हॉर्स पावर की दो मशीनों (विंच पुली) का इस्तेमाल करना पड़ा। एक टाइमिंग मैच करवाकर दोनों को पुलिंग वायर की मदद से आरओबी के अगले हिस्से से अलग-अलग बांधकर एक साथ चालू किया गया। क्योंकि यदि किसी भी मशीन में ज्यादा फोर्स जनरेट होता तो ब्रिज का डायमेंशन बिगड़ जाता और वह ट्रैक पर सही नहीं उतरता। इसमें टेक्निकल टीम समेत 50 अधिकारी-कर्मचारी लगे थे।

**अभी डेढ़ महीने और जारी रहेगा ट्रैफिक डायवर्सन**

अब रेलवे ट्रैक के दोनों ओर के हिस्से को पहले बन चुके ट्रैक से जोड़ने का काम होगा। इसमें साकेत नगर साइड 48 मीटर लंबा कंपोजिट स्टील ब्रिज बनेगा। गणेश मंदिर तरफ के हिस्से को सीमेंट-कॉन्क्रीट से जोड़ा जाएगा। इसमें डेढ़ महीना और लगेगा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 4 | नवदुनिया | भोपाल | 4.09.2 024 | 2 | मेट्रो : 3 घंटे में ट्रैक पर रखा गया स्टील ब्रिज |



# मेट्रो : तीन घंटे में ट्रैक पर रखा गया स्टील ब्रिज

नवदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल : भोपाल मेट्रो परियोजना के अंतर्गत मंगलवार को एक और महत्वपूर्ण कार्य पूरा हुआ, जब दूसरा स्टील ब्रिज डीआरएम आफिस के समीप से निकली रेलवे ट्रैक के ऊपर स्थापित किया गया। यह कार्य महज तीन घंटे के भीतर पूरा हुआ, जिसमें 400 टन वजनी स्टील ब्रिज को बड़ी क्रेनों और 75 हार्स पावर की मशीनों की मदद से उठाया गया। इस कार्य के दौरान 200 से अधिक अधिकारी और कर्मचारी पूरी मुस्तैदी से तैनात रहे। यह ब्रिज 65 मीटर लंबा, 15 मीटर चौड़ा और 14 मीटर ऊंचा है। आरकेएमपी से डीआरएम आफिस के बीच स्थित रेलवे लाइन पर इसे असेंबल किया गया है। मेट्रो अधिकारियों ने रेलवे से ब्लाक मिलने के बाद तुरंत काम शुरू किया और तय समय के भीतर इसे पूरा किया। इस ब्रिज के निर्माण के बाद भविष्य में ट्रैक से रेल और ब्रिज से मेट्रो गुजरेगी, जिससे शहर के यातायात में सुधार होगा। वहीं मंगलवार रात को सुभाष मेट्रो स्टेशन से लेकर रानी कमलापति मेट्रो का ट्रायल रन किया गया। इस कार्य के दौरान मेट्रो कारपोरेशन के एमडी एस कृष्ण चैतन्य, निदेशक सिस्टम शोभित टंडन, निदेशक प्रोजेक्ट्स अजय गुप्ता और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।



डीआरएम आफिस के बीच रेलवे लाइन के ऊपर 65 मीटर लंबा स्टील ब्रिज रखा गया। • नवदुनिया

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 5 | Times of India | Bhopal | 4.9.2024 | 3 | Metro Milestone: 65-metre ROB installed in 3 hrs |



# Metro milestone: 65-metre RoB installed in 3 hours

## 400-Metric Ton Structure Will Connect Habibganj To AIIMS

Times News Network

**Bhopal:** A 65-metre prefabricated Railway Over Bridge (RoB) was successfully installed over a railway track in Bhopal, connecting Habibganj to AIIMS Bhopal. The 400-metric ton structure was moved within a predetermined three-hour window during which train services on the all-important North-South railway corridor were halted.

According to Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited (MPMRCL), managing director S Krishna Chaitanya was present at the site during the installation of the much-anticipated Habibganj Naka Railway Over Bridge. Bhopal Metro team had secured a three-hour block from the railways starting at 11:30 am on Tuesday. The team expedited the task and completed it within the allotted time, press release stated.

"Metro officers, engineers and workers were deployed on-site since morning. Preparations for this were being done for a long time," an official said. "As soon as the Railways (WCR) informed the Metro administration about the block, the Bhopal Metro executed this work by ensuring the deployment of its equipment and team," he added.

Senior officials from MPMRCL were present during the launch, including Shobhit Tandon, director (system); Ajay Gupta, director (projects); YC Sharma, general manager civil; Sanjay Singh, general manager civil; Hari Om Sharma, general manager (project); and Ranjit Kumar, AGM (civil). Representatives of the general consultant and metro construction contractors were also in attendance.

### PROJECT ON FAST TRACK

- **A three-hour block was given by West Central Railway, Indian Railways from 11:30 am to 02:30 pm on Tuesday**
- The weight of the steel bridge is approximately 400 metric tons, its length is 65 metres, width is 15 metres and height is 14 metres. It was pulled with the help of 75 horsepower machines
- **Work of DRM office (Composite Steel Bridge) is now expected to be expedited**



Habibganj Naka Railway Over Bridge was successfully launched by the Bhopal Metro

- **Officials instructed to complete the remaining works within the stipulated time and emphasised on reconstruction of roads and removal of unnecessary barricades to make public traffic smooth as soon as possible**
- RoB launch has been delayed by almost a year. It was supposed to be completed by September 2023, to line with trial run of metro corridor

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 6 | दैनिक जागरण | भोपाल | 4.09.2024 | 03 | 400 मीट्रिक टन के स्टील ब्रिज की लॉन्चिंग |

दैनिक जागरण
भोपाल, 04 सितंबर 2024

राजधानी जागरण 03

# 400 मीट्रिक टन के स्टील ब्रिज की लॉन्चिंग

**अब रेलवे ट्रेक के ऊपर से गुजर जाएगी मेट्रो**



फोटो- एचसी वर्मा

जागरण प्रतिनिधि, भोपाल। हबीबगंज नाके पर मेट्रो के रेलवे ओवर ब्रिज की लॉन्चिंग मंगलवार को पूरी हुई। स्टील ब्रिज की लॉन्चिंग के लिए पश्चिम मध्य रेलवे, भारतीय रेल द्वारा मंगलवार सुबह 11.30 बजे से 02:30 बजे तक तीन घंटे का ब्लॉक दिया गया था। मेट्रो की टीम ने मुस्तैदी से काम को रफ्तार देते हुए तय समय में ब्रिज की लॉन्चिंग पूरी की। स्टील ब्रिज का वजन लगभग 400 मीट्रिक टन, इसकी लम्बाई 65 मीटर, चौड़ाई 15 मीटर और 14 मीटर ऊंचाई पर है। ब्रिज को पिलर्स पर रखने के लिए ऊपर खींचा गया, जिसके लिए 75 हॉर्स पावर की मशीनों की मदद ली गई।

**75 हॉर्स पॉवर मशीनों से ऊपर खींचा ब्रिज | 3 घंटे में पूरा किया काम**

## सुबह से साइट पर थे अधिकारी

ब्रिज लॉन्चिंग के लिए सुबह से ही मेट्रो के अधिकारी, इंजिनीयर एवं वर्कर साइट पर तैनात थे। हालांकि लॉन्चिंग की तैयारी बीते कई दिनों से चल रही थी। जैसे ही रेलवे ने ब्लॉक की सूचना मेट्रो प्रशासन को दी, मेट्रो ने अपने उपकरण और टीम की तैनाती सुनिश्चित करके काम पूरा किया। इस दौरान एस. कृष्ण चैतन्य, आईएएस, प्रबंध संचालक, मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन मौके पर मौजूद रहे। उन्होंने मेट्रो के अधिकारी, इंजीनियर, वर्क्स, रेलवे प्रशासन को आरओबी के कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर बधाई दी

## अब कंपोजिट स्टील ब्रिज की होगी लॉन्चिंग

रेलवे ओवर ब्रिज की लॉन्चिंग के बाद अब नाके से डीआरएम ऑफिस तक एक और स्टील ब्रिज रखा जाना है। मेट्रो के अधिकारियों का कहना हैं कि इस कंपोजिट स्टील ब्रिज की लॉन्चिंग की भी तैयारी कर ली गई है। उन्होंने मेट्रो के एमडी को भी आश्वस्त कराया कि जल्द ही डीआरएम ऑफिस वाला ब्रिज भी लॉन्च कर दिया जाएगा। जिसके बाद 29 अप्रैल से बंद हबीबगंज नाके वाली रोड़ शुरु हो पाएगी। एमपी एस कृष्ण चैतन्य ने अधिकारियों को अन्य बचे कार्यों को तय समय मे पूर्ण कर जल्द से जल्द सार्वजनिक यातायात को सुचारू बनाने के लिए सड़कों के पुनर्निर्माण और अनावश्यक बैरिकेड्स को हटाने के निर्देश दिए। इस दौरान मेट्रो के वरिष्ठ अधिकारीगण शोभित टंडन, निदेशक (सिस्टम), अजय गुप्ता, निदेशक (प्रोजेक्ट्स), वाई.सी. शर्मा, महाप्रबंधक सिविल, संजय सिंह, महाप्रबंधक सिविल, हरि ओम शर्मा, महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट), रंजीत कुमार, ऐ.जी.एम (सिविल) के साथ-साथ जनरल कंसल्टेंट और मेट्रो निर्माण संवेदकों के प्रतिनिधियों उपस्थित रहे।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 7 | हरि भूमि | भोपाल | 4.09.2024 | 01 | हबीबगंज नाके पर रेलवे ट्रैक के ऊपर रखा भोपाल मेट्रो के लिए स्टील ब्रिज |



हरिभूमि

भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 4 सितंबर 2024


**रेलवे से ब्लॉक नहीं मिलने से चार बार बढ़ाई गई डेडलाइन**

# हबीबगंज नाके पर रेलवे ट्रैक के ऊपर रखा भोपाल मेट्रो के लिए स्टील ब्रिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से मेट्रो को एम्स तक चलाने के लिए मंगलवार को हबीबगंज चौराहा क्रॉसिंग पर रेलवे लाइन के ऊपर से स्टील ब्रिज डाला गया।

यह ब्रिज दिसंबर 2023 में राजस्थान के अलबर से आया था, लेकिन रेलवे से ब्लॉक (रेल का ट्रैफिक रोकने) का समय नहीं मिलने से ब्रिज को अब चढ़ाया गया है। अब डीआरएम दफ्तर की तरफ इसे सीमेंट के गर्डर से जोड़कर मेट्रो रूट का काम आगे बढ़ाया जाएगा।

### अगले साल सितंबर की डेडलाइन तय की

मेट्रो रेल कारपोरेशन को ब्रिज बनाने की जरूरत वहां पड़ रही है, जहां रेलवे लाइन के ऊपर से ट्रैक बिछना है। चार बार काम की डेडलाइन बढ़ाई जा चुकी है। अब अगले साल सितंबर की डेडलाइन तय की गई है। इसकी वजह यह है कि आरकेएमपी से डीआरएम ऑफिस के बीच में रेलवे लाइन है। इसके ऊपर निर्माण नहीं किया जा सकता है। ऐसे में स्टील ब्रिज लाइन के ऊपर खड़ा करना पड़ा है। अब फाउंडेशन तैयार कर ट्रैक बिछेगा।

**सीमेंट के गर्डर से जोड़कर मेट्रो रूट का काम आगे बढ़ाया जाएगा**




### डीआरएम ऑफिस स्टेशन से जोड़ने सड़क के ऊपर एक और ब्रिज बनाया जाएगा

राजधानी में सुभाष नगर से एम्स के बीच मेट्रो दौड़ाने के लिए मंगलवार को रानी कमलापति स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक के ऊपर स्टील का ओवरब्रिज खड़ा कर दिया गया। अब इसे डीआरएम ऑफिस स्टेशन से जोड़ने के लिए सड़क के ऊपर एक और ब्रिज बनाया जाएगा। इधर, आरकेएमपी स्टेशन से रेलवे ओवरब्रिज को सीसी गर्डर से जोड़ा जाएगा। इन कामों में एक महीने का समय लग सकता है। इसके बाद आरकेएमपी से डीआरएम ऑफिस स्टेशन होते हुए एम्स तक मेट्रो के संचालन का रास्ता साफ हो जाएगा।



**तीन घंटे में पिलर पर चढ़ाया ब्रिज**

मंगलवार को मेट्रो का काम देखने वाली टीम ने स्टील ब्रिज को चढ़ाने की तैयारी कर ली थी। जिसके तहत रेलवे से तीन घंटे का ब्लॉक मिलने से इसे 75 हॉर्स पावर की मशीनों की मदद से ऊपर रखा गया। स्टील ब्रिज का वजन करीब 400 मीट्रिक टन और लंबाई 65 मीटर है। जबकि ब्रिज की चौड़ाई 15 मीटर और 14 मीटर ऊंचाई रखी गई है।

**एसडीएम ने मेट्रो कंपनी से मांगा प्रपोजल**

## पुट्ठा मिल, आइस फैक्ट्री ने अटकाया मेट्रो का काम

**छह नंबर प्लेटफार्म साइट और आरा मशीनों की जगह भी होगी खाली**

मेट्रो के पहले रूट के सेकंड फेस का काम शुरु नहीं हो पा रहा है। दरअसल बुल बोगदा से रेलवे स्टेशन, नादिरा बस स्टैंड, भोपाल टॉकीज, सिंधी कॉलोनी, डीआईजी बंगला से करोंद तक मेट्रो का रूट क्लियर होना है।

जिसको लेकर मंगलवार को शहर एसडीएम दफ्तर में मेट्रो कंपनी, ईरानी डेरा, पुट्ठा मिल और आइस फैक्ट्री पक्षकारों की बैठक रखी गई, जिसमें शहर एसडीएम लक्ष्मीकांत खरे ने मेट्रो कंपनी के अफसरों से जमीन का प्रपोजल मांगा है। हालांकि कंपनी ने लिखित में प्रपोजल नहीं दिया है, जिससे काम अटका है।

### जमीन का मामला कोर्ट में होने के कारण अटका काम

सुभाष नगर से लेकर भोपाल टॉकीज तक के मेट्रो रूट को लेकर मंगलवार को हुई अहम बैठक बेनतीजा रही। मेट्रो के अधिकारियों ने कहा कि प्रोपोजल हेड ऑफिस भेजा है। उन्होंने बैठक में सिर्फ मौखिक ही जानकारी दी। इस कारण जमीन के मामले कोर्ट में होने के कारण मामला फिर से उलझता नजर आ रहा है। ईरानी डेरा करीब 1 एकड़, नर्मदा आईस फैक्टरी की करीब सवा एकड़ और पुठ्टा मिला की करीब 5 एकड़ जमीन को चिन्हित किया गया है। इसके अलावा पातरा से भारत टॉकीज के बीच स्थित आरा मशीनों को भी शिफ्ट किया जाना है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | राज एक्सप्रेस | भोपाल | 4.09.2024 | 05 | पिलर पर आया मेट्रो का दूसरा स्टील ब्रिज |

राज एक्सप्रेस
बुधवार, 04 सितम्बर 2024






# पिलर पर आया मेट्रो का दूसरा स्टील ब्रिज

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क

मंगलवार को रेलवे ट्रैक पर मेट्रो का दूसरा स्टील ब्रिज आ गया। इसे 3 घंटे की मशक्कत के बाद ऊपर रखा गया। स्टील ब्रिज को चढ़ाने के लिए रेलवे से 3 घंटे का ब्लॉक मिला था। अधिकारियों ने मुस्तैदी दिखाते हुए समय सीमा में काम पूरा करवाया। इस ब्रिज को रखना सबसे बड़ी चुनौती माना जा रहा था। ब्रिज चढ़ते ही मेट्रो कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

भोपाल मेट्रो कॉरपोरेशन के मुताबिक मेट्रो का दूसरा स्टील ब्रिज मंगलवार को 3 घंटे के अंदर रेलवे टैक के ऊपर चढ़ा दिया गया है। यह 400 टन वजनी स्टील ब्रिज था, जिसे बड़ी क्रेन और 75 हॉर्स पॉवर की मशीनों से उठाया गया। वहीं मौके पर 200 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी पूरे समय तैनात रहे। भविष्य में ट्रैक से रेल और ब्रिज से मेट्रो गुजरेगी। दरअसल रानी कमलापति स्टेशन से डीआरएम ऑफिस बीच रेलवे की लाईन है। यहां क्रासिंग देने के लिए 65 मीटर लंबा स्टील ब्रिज असेंबल किया गया है। रेलवे लाइन की दोनों तरफ पहले ही पिलर खड़े हो चुके थे, लेकिन स्टील ब्रिज चढ़ाने के लिए रेलवे से ब्लॉक का परमिट नहीं मिल रहा था। हाल ही में जब ब्लॉक का परमिट मिला तो अधिकारियों ने तुरंत ब्रिज चढ़ाने की तैयारियां शुरू कर दीं।



## बड़ी क्रेनें बुलाईं, तब उठा 300 टन वजनी ब्रिज

मंगलवार को मेट्रो कॉरपोरेशन के एमडी एस कृष्ण चैतन्य की मौजूदगी में हबीबगंज नाका रेलवे ओवर ब्रिज की लॉंचिंग की गई। रेलवे से मेट्रो कॉरपोरेशन को सुबह 11.30 से 2.30 बजे तक तीन घंटे का ब्लॉक मिला था। इसको देखते हुए करीब 200 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी मौके पर तैनात हुए और काम शुरू हुआ। मेट्रो अधिकारियों के मुताबिक 400 टन वजनी इस स्टील ब्रिज की लंबाई 65 मीटर, चौड़ाई 15 मीटर और ऊंचाई 14 मीटर है। जिसे बड़ी क्रेन और 75 हॉर्स पॉवर की मशीनों की मदद से खींच और उठाया गया।

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 9 | Free Press | Bhopal | 4.09.2024 | 02 | Bhopal Metro ROB launched in 3 hour block time |



# Bhopal Metro ROB launched in 3-hour block time



Metro project ROB being launched at Habibganj Naka on Tuesday

**Our Staff Reporter**

BHOPAL

The much awaited launching of Bhopal Metro's Habibganj Naka Railway Over Bridge (ROB) was successfully carried out within 3 hours stipulated time on Tuesday.

West Central Railway had provided a 'block' of 3-hrs time from 11.30 am to 2.30 pm to Metro officers to carry out the launching work of the ROB. The block is a term used to suspend the operation of trains for a certain period to carry out any essential activity.

## Rlys suspended trains movement on route for launching of railway over bridge at Habibganj Naka

Showing the acumen, the team of Madhya Pradesh Metro Rail Corporation executed the launching work of ROB precisely within the given time limit. The launching of the ROB was pending for a long time.

In the morning, officers and engineers of the Metro project arrived at the spot. No sooner did the Railways provide the information of 'block' (stopping the operation of trains on particular train routes for specific time) the Metro officials started the process of launching ROB.

Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Managing director S Krishna Chetnaya, director (systems) Shobit Tandon, director (projects) Ajay Gupta and others were present at the site monitoring the launching.

MP METRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 10 | The Hitavada | Bhopal | 4.09.2024 | 1 | Railway over bridge at Habibganj intersection launched |

TheHitavada
Bhopal City Line | 2024-09-04 | Page- 1
ehitavada.com

# Railway over bridge at Habibganj intersection launched



A bird's eye view of the railway over bridge (ROB) which was launched on Tuesday by MP Metro Rail Corporation.

■ Staff Reporter

CITY took another step towards fulfilling Metro dream as the Madhya Pradesh Metro Rail Corporation had successfully launched the much-awaited Habibganj intersection Railway Over Bridge was successfully launched on Tuesday. S Krishna Chaitanya, Indian Administrative Service (IAS) officer and Managing Director (MD) of the corporation, was also present during the launching. As per information, the weight of the steel bridge is approximately 400 metric tons, its length is 65 meters, width is 15 meters and height is 14 meters and was pulled with the help of 75 horsepower machines. For working out the same, a three-hour block was given by West Central Railway (WCR), from 11.30 am to 02:30 pm on Tuesday. As stated, the Metro team set a record by completing the work in the stipulated time by speeding up the work. Metro officials, engineers and workers were deployed on the site since morning. Preparations for this were being made for a long time. As soon as the Railways (WCR) informed the Metro administration about the block, the Metro carried out this work by ensuring deployment of its equipment and team.

The Managing Director instructed to complete the remaining works within the stipulated time and stressed on reconstruction of roads and removal of unnecessary

Contd on page 2



TheHitavada
Bhopal City Line | 2024-09-04 | Page- 2
ehitavada.com

In the meeting, the dents under this benefit.

## ROB at Habibganj intersection...

barricades to make public traffic smooth as soon as possible. On this occasion, The Managing Director congratulated the Metro officials, engineers, works and railway administration for the successful completion of the ROB works. He also directed the officials to complete the works in the given time frame. The Metro officials and engineers have also assured the Managing Director that the work of DRM Office (Composite Steel Bridge) will also be completed soon. As reported by 'The Hitavada', the Metro Corporation is preparing to start the commercial run on its priority line (Subhash Nagar to Rani Kamalapati Railway Station) from next year, this launching is being seen as a big step in this regard. Senior officials of Metro Corporation, Shobhit Tandon, Director (System), Ajay Gupta, Director (Projects), Y C Sharma, General Manager (Civil), Sanjay Singh, General Manager (Civil), Hari Om Sharma, General Manager (Project), Ranjit Kumar, AGM (Civil) along with representatives of general consultant and Metro construction contractors were also present.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 11 | राष्ट्रीय हिन्दी मेल | भोपाल | 4.09.2024 | 3 | हबीबगंज नाका रेलवे ओवर ब्रिज की मेट्रो द्वारा लॉन्चिंग सफलता पूर्वक की |

राष्ट्रीय हिन्दी मेल
इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर और रायपुर से एक साथ प्रकाशित
दिनांक- 04/09/2024 पृष्ठ क्रमांक- 3 संस्करण- भोपाल प्रधान संपादक- विजय कुमार दास

# हबीबगंज नाका रेलवे ओवर ब्रिज की मेट्रो द्वारा लॉन्चिंग सफलतापूर्वक की



**भोपाल।** आईएएस, प्रबंध संचालक, मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एस. कृष्ण चैतन्य, के मार्गदर्शन में आज, बहुप्रतीक्षित हबीबगंज नाका रेलवे ओवर ब्रिज की मेट्रो द्वारा लॉन्चिंग सफलतापूर्वक कर ली गई। पश्चिम मध्य रेलव द्वारा मंगलवार सुबह 11.30 बजे से 2.30 बजे तक तीन घंटे का ब्लॉक दिया गया। मेट्रो की टीम ने मुस्तैदी से काम को रफ्तार देते हुए इसे तय समय में पूर्ण कर रिकॉर्ड स्थापित किया। स्टील ब्रिज का वजन लगभग 400 मीट्रिक टन, इसकी लम्बाई 65 मीटर 15 मीटर चौड़ाई तथा 14 मीटर ऊंचाई पर है। इसे 75 हॉर्स पावर की मशीनों की सहायता से खींचा गया। प्रबंध संचालक द्वारा मेट्रो के अधिकारी, इंजीनियर, वर्क्स, रेलवे प्रशासन को आरओबी के कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर बधाई दी। मेट्रो अधिकारी एवं इंजिनीयर ने प्रबंध संचालक को आश्वस्त किया की जल्द ही डीआरएम ऑफिस (कंपोसिट स्टील ब्रिज) के कार्य भी जल्द किये जाएंगे। प्रबंध संचालक ने निर्देश दिए किए अन्य बचे कार्यों को तय समय मे पूर्ण कर जल्द से जल्द सार्वजनिक यातायात को सुचारू बनाने के लिए सड़कों के पुनर्निर्माण और अनावश्यक बैरिकेड्स को हटाने पर जोर दिया।

e: 04/09/2024, Page: 3, City: Bhopal
o: rashtriyahindimail.com
ट्रीय हिन्दी मेल

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 12 | दैनिक दीनबंधु | भोपाल | 4.09.2024 | 8 | 400 मीट्रिक टन के स्टील ब्रिज को 14 मीटर उचाई पर 75 हॉर्स पावर की मशीनो से खींचा |

### हबीबगंज नाका रेलवे ओवर ब्रिज की मेट्रो द्वारा लॉन्चिंग सफलतापूर्वक कर ली गई

# 400 मीट्रिक टन के स्टील ब्रिज को 14 मीटर ऊंचाई पर 75 हॉर्स पावर की मशीनों से खींचा





**दीनबन्धु ■ भोपाल**

www.dinbandhunews.com

श्री एस. कृष्ण चैतन्य, आईएएस, प्रबंध संचालक, मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के मार्गदर्शन मे आज, बहुप्रतीक्षित हबीबगंज नाका रेलवे ओवर ब्रिज की मेट्रो द्वारा लॉन्चिंग सफलतापूर्वक कर ली गई।

मंगलवार सुबह 11.30 बजे से मेट्रो ने रेलवे से तीन घंटे का ब्लॉक ले रखा था। मेट्रो की टीम ने मुस्तैदी से काम को रफ्तार देते हुए इसे रिकॉर्ड समय में पूरा भी कर दिया। सुबह से ही मेट्रो के अधिकारी, इंजिनीयर एवं वर्कर साइट पर तैनात थे। इसकी तैयारी काफी समय से की जा रही थी। जैसे ही रेलवे ने ब्लॉक की सूचना मेट्रो प्रशासन को दी, मेट्रो ने अपने उपकरण और टीम की तैनाती सुनिश्चित करके इस काम को अंजाम दिया।प्रबंध संचालक स्वयं साइट पर उपस्थित रहे एवं उनके मार्गदर्शन मे सभी कार्य तय समय मे सफलतापूर्वक पूर्ण किए गए। इस दौरान मेट्रो के वरिष्ठ अधिकारीगण श्री शोभित टंडन, निदेशक (सिस्टम), श्री अजय गुप्ता, निदेशक (प्रोजेक्ट्स), श्री वाई.सी. शर्मा, महाप्रबंधक सिविल, श्री संजय सिंह, महाप्रबंधक सिविल, श्री हरि ओम शर्मा, महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट), श्री रंजीत कुमार, ऐ.जी.एम (सिविल) के साथ-साथ जनरल कंसल्टेंट और मेट्रो निर्माण संवेदकों के प्रतिनिधियों उपस्थित रहे।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 13 | अमर उजाला | भोपाल | 4.09.2024 | 03 | बढ़ते कदम: रेलवे ट्रैक के ऊपर भोपाल मेट्रो का स्टील ब्रिज सफलतापूर्वक किया स्थापित |

अमर उजाला भोपाल amarujala.com भोपाल | बुधवार, 4 सितंबर 2024 3

अमर उजाला भोपाल amarujala.com

## बढ़ते कदम : रेलवे ट्रैक के ऊपर भोपाल मेट्रो का स्टील ब्रिज सफलतापूर्वक किया स्थापित

# 400 टन वजनी ब्रिज की मात्र तीन घंटे में लॉन्चिंग

अमर उजाला ब्यूरो

**भोपाल।** भोपाल मेट्रो ने मंगलवार को रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक के ऊपर 400 टन वजनी दूसरे स्टील ब्रिज की सफल लॉन्चिंग की गई। इस काम को केवल तीन घंटे में पूरा किया गया, जिसमें 75 हॉर्स पॉवर की मशीनों और बड़ी क्रेन का सहारा लिया गया। इस काम के लिए सुबह 11:30 बजे से 2:30 बजे तक रेलवे ने तीन घंटे का ब्लॉक प्रदान किया था।

मेट्रो कॉर्पोरेशन के अधिकारियों, इंजीनियरों और कर्मचारियों की टीम ने तत्परता से काम करते हुए समय सीमा में इसे पूरा किया। इस दौरान मेट्रो कॉर्पोरेशन के प्रबंध संचालक एस. कृष्ण चैतन्य, निदेशक (सिस्टम) शोभित टंडन, निदेशक (प्रोजेक्ट्स) अजय गुप्ता, और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।





भोपाल मेट्रो की ओर से मंगलवार को दूसरे स्टील ब्रिज की सफलतापूर्वक लॉन्चिंग की गई। इस दौरान थोड़ी देर के लिए जाम भी लग गया। अमर उजाला

### यह 65 मीटर लंबा, 15 मीटर चौड़ा

स्टील ब्रिज की लंबाई 65 मीटर, चौड़ाई 15 मीटर और ऊंचाई 14 मीटर है। इसे 75 हॉर्स पावर की मशीनों और बड़ी क्रेन की मदद से उठाया और रखा गया। इस कार्य के सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद डीआरएम ऑफिस (कंपोजिट स्टील ब्रिज) के कार्य भी शीघ्र पूरे किए जाएंगे।

### डायवर्जन किया, लेकिन फिर भी लगा जाम

मेट्रो कॉरपोरेशन के प्रबंध संचालक ने इस महत्वपूर्ण कार्य को सफलतापूर्वक पूरा करने पर सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने निर्देशित किया कि अन्य बचे कार्यों को भी निर्धारित समय में पूरा कर जल्द से जल्द सार्वजनिक यातायात को सुचारु किया जाए। इस प्रक्रिया के दौरान पुलिस व्यवस्था और यातायात डायवर्जन भी सुनिश्चित किया गया था, ताकि आम लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 14 | प्रदेश वर्तमान | भोपाल | 4.09.2024 | 08 | भोपाल मेट्रो का दूसरा स्टील ब्रिज भी पिलर पर रखा |



# भोपाल मेट्रो का दूसरा स्टील ब्रिज भी पिलर पर रखा

## » 400 टन वजनी ब्रिज को 3 घंटे में रखा » बड़ी क्रेन की मदद से उठाया

**भोपाल।** भोपाल मेट्रो का दूसरा स्टील ब्रिज मंगलवार को 3 घंटे के अंदर रेलवे ट्रैक के ऊपर रख दिया गया। 400 टन वजनी स्टील ब्रिज को बड़ी क्रेन और 75 हॉर्स पॉवर की मशीनों से उठाया गया। 200 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी पूरे समय तैनात रहे। भविष्य में ट्रैक से रेल और ब्रिज से मेट्रो गुजरेगी।

आरकेएमपी से डीआरएम ऑफिस के बीच रेलवे लाइन है। इसलिए 65 मीटर लंबा स्टील ब्रिज असेंबल किया गया। दोनों ओर कई महीने पहले ही पिलर खड़े हो चुके थे। रेलवे के ब्लॉक का इंतजार मेट्रो के अफसर कर रहे थे। कुछ दिन पहले डीआरएम ऑफिस तिराहे वाले ब्रिज के लिए ब्लॉक मिला था। ब्लॉक मिलते ही दोनों ओर गर्डर रख दिए गए। वहीं, सबसे बड़ा चुनौती मंगलवार को दूर कर ली गई।



मेट्रो कॉरपोरेशन के एमडी एस. कृष्ण चैतन्य की मौजूदगी में हबीबगंज नाका रेलवे ओवरब्रिज की लॉचिंग की गई। मेट्रो कॉरपोरेशन को सुबह 11.30 से 2.30 बजे तक तीन घंटे का ब्लॉक दिया गया था। इसके चलते 200 से अधिक अधिकारी और कर्मचारी पहले से तैनात हो गए। जैसे ही ब्लॉक मिला, काम शुरू कर दिया गया। 400 टन वजनी इस स्टील ब्रिज की लंबाई 65 मीटर, चौड़ाई 15 मीटर और ऊंचाई 14 मीटर है। जिसे बड़ी क्रेन और 75 हॉर्स पॉवर की मशीनों की मदद से खींचा और उठाया गया। टीम की मुस्तैदी के चलते ही समय सीमा में काम पूरा कर लिया गया। अब डीआरएम ऑफिस (कंपोसिट स्टील ब्रिज) के कार्य भी जल्द किए जाएंगे। ताकि, यहां से ट्रैफिक खोल दिया जाए। उम्मीद है कि इसी महीने यह काम भी पूरा कर लिया जाएगा। ब्रिज के इस काम के दौरान मेट्रो के निदेशक (सिस्टम) शोभित टंडन, निदेशक (प्रोजेक्ट्स) अजय गुप्ता, महाप्रबंधक सिविल वायसी शर्मा, महाप्रबंधक सिविल संजय सिंह, महाप्रबंधक प्रोजेक्ट्स हरिओम शर्मा, एजीएम सिविल रंजीत कुमार आदि अफसर भी मौजूद थे। इसी साल जनवरी-फरवरी में ब्रिज के पार्ट्स अलवर से भोपाल आ गए थे। जिन्हें मार्च में असेंबल करना शुरू किया गया। मार्च में काम की शुरुआत की गई। करीब छह महीने से रास्ता भी डायवर्ट किया गया है। दूसरी ओर, डीआरएम ऑफिस तिराहे की सड़क के ऊपर ब्रिज के पॉर्ट्स असेंबल किए गए। इन्हें हर पिलर पर रखा गया है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 15 | स्वतंत्र समय | भोपाल | 4.09.2024 | 03 | रेलवे ओवरब्रिज की मेट्रो द्वारा लौंचीनग सफलतापूर्वक कर ली गई |

स्वतंत्र समय
अशोकनगर-भोपाल-संतहिरदाराम नगर-औबेदुल्लागंज-सारंगपुर-पचोर-कुरावर
E-PAPER www.swatantrasamay.com
भोपाल 03
बुधवार 04 सितंबर 2024

# रेलवे ओवर ब्रिज की मेट्रो द्वारा लॉन्चिंग सफलतापूर्वक कर ली गई



**भोपाल।** श्री एस. कृष्ण चैतन्य, आईएएस, प्रबंध संचालक, मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के मार्गदर्शन मे आज, बहुप्रतीक्षित हबीबगंज नाका रेलवे ओवर ब्रिज की मेट्रो द्वारा लॉन्चिंग सफलतापूर्वक कर ली गई । मंगलवार सुबह 11.30 बजे से मेट्रो ने रेलवे से तीन घंटे का ब्लॉक ले रखा था। मेट्रो की टीम ने मुस्तैदी से काम को रफ्तार देते हुए इसे रिकॉर्ड समय में पूरा भी कर दिया। सुबह से ही मेट्रो के अधिकारी, इंजिनीयर एवं वर्कर साइट पर तैनात थे। इसकी तैयारी काफ़ी समय से की जा रही थी। जैसे ही रेलवे ने ब्लॉक की सूचना मेट्रो प्रशासन को दी, मेट्रो ने अपने उपकरण और टीम की तैनाती सुनिश्चित करके इस काम को अंजाम दिया।प्रबंध संचालक स्वयं साइट पर उपस्थित रहे एवं उनके मार्गदर्शन मे सभी कार्य तय समय मे सफलतापूर्वक पूर्ण किए गए। इस दौरान मेट्रो के वरिष्ठ अधिकारीगण श्री शोभित टंडन, निदेशक (सिस्टम), अजय गुप्ता, निदेशक (प्रोजेक्ट्स), वाई.सी. शर्मा, महाप्रबंधक सिविल, श्री संजय सिंह आदि मौजूद रहे।

**5th September**

| S.No. | Source | Edition | Page | Date | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 16 | Agniban | Bhopal | 5 | 05.09.2024 | भोपाल में मेट्रो का स्टील ब्रिज ब्रपलर पर रखा |



# भोपाल में मेट्रो का स्टील ब्रिज पिलर पर रखा



भोपाल, अग्निबाण संवाददाता।

भोपाल मेट्रो ने रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक के ऊपर 400 टन वजनी दूसरे स्टील ब्रिज की सफल लॉन्चिंग की गई। इस काम को केवल तीन घंटे में पूरा किया गया, जिसमें 75 हॉर्स पॉवर की मशीनों और बड़ी क्रेन का सहारा लिया गया। इस काम के लिए सुबह 11:30 बजे से 2:30 बजे तक रेलवे ने तीन घंटे का ब्लॉक प्रदान किया था।

मेट्रो कॉरपोरेशन के अधिकारियों, इंजीनियरों और कर्मचारियों की टीम ने तत्परता से काम करते हुए समय सीमा में इसे पूरा किया। इस दौरान मेट्रो कॉरपोरेशन के प्रबंध संचालक एस. कृष्ण चैतन्य, निदेशक (सिस्टम) शोभित टंडन, निदेशक (प्रोजेक्ट्स) अजय गुप्ता, और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

## 400 टन वजनी ब्रिज की तीन घंटे में सफल लॉन्चिंग

स्टील ब्रिज की लंबाई 65 मीटर, चौड़ाई 15 मीटर और ऊंचाई 14 मीटर है। इसे 75 हॉर्स पॉवर की मशीनों और बड़ी क्रेन की मदद से उठाया और रखा गया। इस कार्य के सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद डीआरएम ऑफिस (कंपोजिट स्टील ब्रिज) के कार्य भी शीघ्र पूरे किए जाएंगे।

मेट्रो कॉरपोरेशन के प्रबंध संचालक ने इस महत्वपूर्ण कार्य को सफलतापूर्वक पूरा करने पर सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने निर्देशित किया कि अन्य बचे कार्यों को भी निर्धारित समय में पूरा कर जल्द से जल्द सार्वजनिक यातायात को सुचारू किया जाए। इस प्रक्रिया के दौरान पुलिस व्यवस्था और यातायात डायवर्जन भी सुनिश्चित किया गया था ताकि आम लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

MPMETRO

6th September

| S.No. | Source | Edition | Page | Date | Content |
|---|---|---|---|---|---|
| 17 | दैनक जागरण | भोपाल | 5 | 6.09.2024 | डीआरएम नतराहे पर इसी माह रखा जाएगा मेट्रो का दूसरा 200 ट्न वजनी, 48 मीट्र लंबा निज |



# डीआरएम तिराहे पर इसी माह रखा जाएगा मेट्रो का दूसरा 200 टन वजनी, 48 मीटर लंबा ब्रिज

## डीआरएम तिराहे पर नीचे से गाड़ियां, ऊपर से गुजरेगी मेट्रो

**जागरण, भोपाल।** राजधानी में मेट्रो प्रोजेक्ट का काम तेजी से चल रहा है। 4 सितंबर को रेलवे ट्रैक पर पिलर के ऊपर 65 मीटर लंबा और 400 टन वजनी ब्रिज का स्ट्रक्चर रख दिया गया। अब मेट्रो का दूसरा स्टील ब्रिज 200 टन वजनी और 48 मीटर लंबा है। इसे सितंबर में ही बड़ी मशीनों से डीआरएम तिराहे पर रखा जाएगा। इसके बाद नीचे से गाड़ियां और ऊपर से मेट्रो ट्रेन गुजरेगी। रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के पास हबीबगंज नाके से डीआरएम स्टेशन के बीच 2 स्टील ब्रिज से मेट्रो गुजरेगी। इसके लिए पिछले 8 महीने से काम चल रहा है। 4 सितंबर को 3 घंटे के अंदर रेलवे ट्रैक पर पिलर के ऊपर 65 मीटर लंबा और 400 टन वजनी ब्रिज का स्ट्रक्चर रख दिया गया। अब दूसरे ब्रिज को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। दूसरा कंपोजिट स्टील ब्रिज है। जिसे पिलर के ऊपर रखने के लिए बड़ी-बड़ी मशीनों की मदद ली जाएगी।



### स्टील ब्रिज के बारे में जानिए

हबीबगंज नाका रेलवे ओवरब्रिज की लॉन्चिंग मंगलवार को की गई थी। मेट्रो कॉर्पोरेशन ने सुबह 11.30 से 2.30 बजे तक तीन घंटे का ब्लॉक लिया था। 200 से अधिक अफसर और कर्मचारियों की मौजूदगी में मिशन शुरू हुआ। जैसे ही ब्लॉक मिला, काम शुरू कर दिया गया। 400 टन वजनी इस स्टील ब्रिज की लंबाई 65 मीटर, चौड़ाई 15 मीटर और ऊंचाई 14 मीटर है। जिसे बड़ी क्रेन और 75 हॉर्स पॉवर की मशीनों की मदद से खींचा और उठाया गया। पहला रेलवे ओवरब्रिज और दूसरा कंपोजिट ब्रिज है। यह भी राजस्थान के अलवर से लाया गया। पहला ब्रिज रखने के बाद अब दूसरे ब्रिज को असेंबल किया जा रहा है। इसका वजन 200 टन और लंबाई 48 मीटर है।

### आगे यह काम

- हबीबगंज नाका और रेलवे ट्रैक के बीच पिलर पर गर्डर लॉन्चिंग नहीं है। अब गर्डर बिछाई जाएगी। यानी, गैप को कनेक्ट करेंगे।
- रेलवे ट्रैक के आसपास स्टील ब्रिज के अस्थायी स्ट्रक्चर को हटाया जाएगा।
- डीआरएम तिराहे पर कंपोसिट ब्रिज को बड़ी क्रेन और मशीनों की मदद से पिलर पर रखा जाएगा।
- दूसरा ब्रिज भी बनने के बाद हबीबगंज नाके से डीआरएम मेट्रो स्टेशन के बीच ट्रैक बिछाया जाएगा। काम के चलते यह नहीं बिछ सका है।
- इसके बाद नीचे सड़क अ[illegible] बनाएंगे। ताकि, सड़क से ट्रैफिक शुरू किया जा सके।

### सभी काम में लगेगा डेढ़ महीना

मेट्रो कॉर्पोरेशन के अफसरों की मानें तो दूसरे ब्रिज को रखने, गर्डर लॉन्चिंग, ट्रैक बिछाने, सड़क बनाने समेत अन्य कार्यों में करीब डेढ़ महीने का समय लग जाएगा। अक्टूबर के आखिरी या नवंबर के शुरुआती दिनों में सड़क से ट्रैफिक शुरू हो सकता है।

### एक और डायवर्सन रहेगा

एक और डायवर्सन रहेगा स्टील ब्रिज के इस काम के लिए पिछले कई महीनों से काम चल रहा है। इसके चलते सड़क को बंद कर डिक्या गया है। वर्तमान में 28 सितंबर तक डायवर्सन है। मेट्रो एक और डायवर्सन लेगा। ताकि, बाकी बचे काम भी पूरे हो सकें।

### मार्च में काम की शुरुआत हुई

इसी साल जनवरी-फरवरी में ब्रिज के पार्ट्स अलवर से भोपाल आ गए थे। जिन्हें मार्च में असेंबल करना शुरू किया गया। मार्च में काम की शुरुआत की गई। करीब छह महीने से रास्ता भी डायवर्ट किया गया है। दूसरी ओर, डीआरएम ऑफिस तिराहे की सड़क के ऊपर ब्रिज के पॉर्ट्स असेंबल किए गए। पहला ब्रिज रख दिया गया, जबकि दूसरा जल्द रखा जाएगा।

| S.No. | Source | Edition | Page | Date | Content |
|---|---|---|---|---|---|
| 18 | Nav duniya | भोपाल | 4 | 6.09.2024 | मेट्रे के 200 ट्न के स्टील निज को रखने की शुरू हुई तैयारी |



# मेट्रे के 200 टन के स्टील ब्रिज को रखने की शुरू हुई तैयारी



गुरुवार को ब्रिज रखने की तैयारी मुआयाना करते अधिकारी। ● नवदुनिया

**नवदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल :** मेट्रो का दूसरा 200 टन वजनी स्टील ब्रिज को रखने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। यह ब्रिज करीब 48 मीटर लंबा है। इसे सितंबर में ही मशीनों के जरिए डीआरएम तिराहे पर रखा जाएगा। ज्ञात हो कि पहला स्टील ब्रिज रेलवे ट्रैक के ऊपर रखा जा चुका है। रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के पास हबीबगंज नाके से डीआरएम स्टेशन के बीच दो स्टील ब्रिज से मेट्रो गुजरेगी । इसके लिए पिछले आठ महीने से काम चल रहा है। दूसरा कंपोजिट स्टील ब्रिज है । जिसे पिलर के ऊपर रखने के लिए बड़ी-बड़ी मशीनों की मदद ली जाएगी। मेट्रो कार्पोरेशन के अफसरों की माने तो दूसरे ब्रिज को रखने, गर्डर लान्चिंग, ट्रैक बिछाने, सड़क बनाने समेत अन्य कार्यों में करीब डेढ़ महीने का समय लगेगा। यह काम होने के बाद अक्टूबर के आखिरी या नवंबर के शुरुआती दिनों में सड़क से ट्रैफिक भी शुरू हो सकता है। फिलहाल दूसरे स्टील ब्रिज को रखने के लिए सड़क को बंद किया गया है।

**7th September**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 19 | हरिभूमि | भोपाल | 7.09.2024 | 2 | मेट्रो रूट का काम शुरू करने अब फील्ड में उत्तरे अफसर |

भोपाल, शनिवार 07 सितंबर 2024
haribhoomi.com

भोपाल हरिभूमि 02

## मेट्रो रूट का काम शुरू करने अब फील्ड में उतरे अफसर

**भोपाल**। भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म के नंबर-6 की तरफ ईरानी डेरा के 50 निर्माण को हटाया जाएगा। इसके साथ ही जल्द यहां पर मेट्रो रूट का काम शुरू होगा। इसके लिए शुक्रवार को एसडीएम शहर आशुतोष शर्मा ने मेट्रो के डायरेक्टर हरिओम शर्मा के साथ इलाके का मौके का निरीक्षण किया। टीम द्वारा शनिवार को भी निरीक्षण किया जाएगा। मुख्य रूप से इस रूट पर 4 बड़ी बाधा हैं। इनमें कोर्ट में भी मामले चल रहे हैं। इसके साथ ही आरा मशीन को शिफ्ट करने की योजना पर काम शुरू कर दिया गया है। इसके लिए एसडीएम शहर और एसडीएम हुजूर भी मिलकर बैठक करेंगे।

MPMETRO

**9th September 2024**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 20 | दैनिक भास्कर | भोपाल | 09.09.24 | 2 | मेट्रो : हबीबगंज नाके पर स्टील ब्रिज के पास तीन गर्डर लांच |

दैनिक भास्कर भोपाल 09-09-2024

Pg-02

अब जल्द ही बिछाया जाएगा मेट्रो ट्रैक

# मेट्रो : हबीबगंज नाके पर स्टील ब्रिज के पास तीन गर्डर लॉन्च



स्टील ब्रिज के बाद रविवार को आई गर्डर लॉन्च कर दिए गए।

विशेष संवाददाता | भोपाल

हबीबगंज नाका पर रेलवे ओवर स्टील ब्रिज लॉन्च करने के 6 दिन बाद रविवार को तीन कांक्रीट गर्डर भी लॉन्च कर दिए गए हैं। आई-गर्डर कहे जाने वाले इन गर्डर से आरकेएमपी स्टेशन की ओर से आने वाले ट्रैक और स्टील ब्रिज के बीच बची 22 मीटर जगह को भरा गया है। इनकी चौड़ाई मेट्रो ट्रैक के बराबर ही यानी 8.8 मीटर रखी गई है। तीनों गर्डर लॉन्च होने के बाद अब जल्द ही इन पर मेट्रो ट्रैक बिछाए जाने का काम शुरू किया जाएगा। मेट्रो कंपनी इंजीनियर्स का कहना है कि यदि ये गैप 32 मीटर होता तो यहां स्टील ब्रिज ही लगाना पड़ता।

## बाधक बने कब्जे हटाए

इधर, मेट्रो निर्माण कार्य के दौरान सिंधी कॉलोनी चौराहा से डीआईजी बंगला चौराहा के बीच बढ़े अतिक्रमण को भी हटाया गया। इस अतिक्रमण के कारण ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ रही थी। नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में सड़क किनारे खड़े वाहन और दुकानों का सामान हटाया गया। सिंधी कॉलोनी के पास मेट्रो स्टेशन बनाया जाना है। यहां हुआ अतिक्रमण स्टेशन का निर्माण कार्य शुरू करने में भी बाधा बन रहा है। पुलिस और निगम अफसरों का कहना है कि इस इलाके में लोगों को समझाइश भी दी गई है।

MPMETRO

11th September

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 21 | पत्रिका | भोपाल | 11.09.24 | 5 | टिम्बर मार्केट, आरा मशीन कारोबार अब रातीबड़ में किया जाएगा शिफ्ट |



#Metroproject सुभाष फाटक से करोंद तक जमीन अधिग्रहण का काम तेज

# टिम्बर मार्केट, आरा मशीन कारोबार अब रातीबड़ में किया जाएगा शिफ्ट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** जिला प्रशासन ने सुभाष फाटक से करोंद तक मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के लिए जमीन अधिग्रहण का काम तेज कर दिया है। मंगलवार को एसडीएम सिटी आशुतोष उपाध्याय ने नगर निगम मेट्रो कंपनी प्रशासन के अधिकारियों की एक बैठक हुई। बैठक के इस दौरान यह तय हुआ कि पुल पात्रा के पास मौजूद टिंबर मार्केट आरा मशीन कारोबार रातीबड़ में शिफ्ट किया जाएगा। सरकार ने यहां सुविधाएं विकसित करने के लिए छह करोड़ रुपए का फंड स्वीकृत किया गया है।

कलेक्टर के निर्देश पर गैरकानूनी तरीके से बनाए गए निर्माण की पहचान का अभियान शुरू किया जा रहा है। आजाद नगर की 38 दुकानों को हटाकर इन्हें मुआवजा दिया जाएगा।

## स्टील ब्रिज का पुराना स्ट्रक्चर स्टैंड हटाया



**भोपाल.** एम्स से सुभाष फाटक तक बन रहे मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र हबीबगंज नाका स्टील ब्रिज के पुराने सपोर्ट स्टैंड हटाने का काम मंगलवार को 3 घंटे में पूरा हुआ। यहां 400 टन वजन वाले स्टील ब्रिज के सपोर्ट में खड़े किए गए लोहे के स्टैंड को हटा लिया गया। मेट्रो रेल कंपनी ने दावा किया है कि गणेश मंदिर की साइड स्टील ब्रिज के जॉइंट बनाने का काम पूरा हो गया है। जल्द ही यहां के बैरिकेड हटा दिए जाएंगे। इसी प्रकार हबीबगंज नाका यानी डीआरएम रोड पर स्टील का एक अन्य ब्रिज रखना है जो जमीन पर तैयार हो रहा है। यहां रोटरी बनाई जाएगी और इस मार्ग को पहले की तरह खोल दिया जाएगा। मंगलवार को 3 घंटे के इस ऑपरेशन के दौरान भोपाल एवं इटारसी की तरफ से लंबी दूरी की यात्री ट्रेनों का यातायात बंद रहा, जो ट्रेन जिस स्टेशन पर थी, उसे वहीं स्टैंड बाय पर खड़ा कर दिया गया।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 22 | राज एक्सप्रेस | भोपाल | **11.09.2024** | **3** | 400 टन वजनी मेट्रो ब्रिज पर अब ट्रैक बिछाने की तैयारी |



# 400 टन वजनी मेट्रो ब्रिज पर अब ट्रैक बिछाने की तैयारी

## 100 अफसर-कर्मचारियों की टीम जुटी, 3 घंटे में बड़ी क्रेन की मदद से हटाया लोहे का स्ट्रक्चर



**भोपाल।** राजधानी में मेट्रो के 400 टन वजनी स्टील ब्रिज पर अब ट्रैक बिछेगा। ब्रिज के सपोर्ट के लिए रखा लोहे का स्ट्रक्चर मंगलवार को 3 घंटे में बड़ी क्रेन की मदद से हटा लिया गया। इसके लिए रेलवे से ब्लॉक लिया गया था। इसके बाद अब दूसरे कंपोजिट ब्रिज को रखने को लेकर भी तैयारियां शुरू हो गई हैं। सितंबर में ही इसे भी बड़ी मशीनों की मदद से रखा जाएगा। रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के पास हबीबगंज नाके से डीआरएम स्टेशन के बीच 2 स्टील ब्रिज से मेट्रो गुजरेगी। इसके लिए पिछले 8 महीने से काम चल रहा है। 4 सितंबर को 3 घंटे में रेलवे ट्रैक पर पिलर के ऊपर 65 मीटर लंबा और 400 टन वजनी ब्रिज का स्ट्रक्चर रख दिया गया। वहीं, ब्रिज और पिलर के बीच 3 गर्डर भी लॉन्च कर दी गई है। दूसरी ओर, ब्रिज के नीचे से लोहे का स्ट्रक्चर भी हटा दिया गया है। दोपहर 12 बजे जैसे ही ब्लॉक मिला, मेट्रो कॉरपोरेशन ने स्ट्रक्चर हटाने की शुरुआत कर दी। 3 बजे तक स्ट्रक्चर पूरी तरह से हटा दिया।

**सुरक्षा का रखा ध्यान** : जिस समय हबीबगंज नाके से पास स्टील ब्रिज के नीचे से लोहे का स्ट्रक्चर हटाया जा रहा था, तब कोई हादसा न हो, इसलिए 20 कर्मचारी तैनात थे। वहीं ट्रैक, क्रेन पर 80 से अधिक अफसर,कर्मचारी मौजूद रहे।

### अक्टूबर में पूरा होगा काम

मेट्रो कॉर्पोरेशन के अफसरों की मानें तो दूसरे ब्रिज को रखने, ट्रैक बिछाने, सड़क बनाने समेत अन्य कार्यों में करीब डेढ़ महीने का समय लग जाएगा। अक्टूबर के आखिरी या नवंबर के शुरुआती दिनों में सड़क से ट्रैफिक शुरू हो सकता है।

**अब आगे यह**: भोपाल में मेट्रो के दो स्टील ब्रिज में से ट्रेन गुजरेगी। पहला रेलवे ओवरब्रिज और दूसरा कंपोजिट ब्रिज है। यह भी राजस्थान के अलवर से लाया गया। पहला ब्रिज रखने के बाद अब दूसरे ब्रिज को असेंबल किया जा रहा है। इसका वजन 200 टन और लंबाई 48 मीटर है। जैसे ही ब्रिज असेंबल होगा, ब्रिज रख दिया जाएगा।



## आरा मशीनों को रातीबड़ में शिफ्ट करने की तैयारी

**मेट्रो की बाधाएं दूर करने की कवायद एसडीएम (शहर) ने ली बैठक**

**भोपाल।** भोपाल मेट्रो के दूसरे फेस में आ रही अड़चनों को दूर करने के लिए लगातार जिला प्रशासन और मेट्रो के अफसर दिन-रात लगे हुए हैं। सुभाष नगर से लेकर सिंधी कालोनी तक दो सौ से अधिक बाधाएं हैं। मंगलवार को एसडीएम (शहर) आशुतोष शर्मा के कार्यालय में भोपाल मेट्रो में आ रही बाधाओं को दूर करने को लेकर संयुक्त बैठक हुई। इसमें आठ विभागों के अधिकारी शामिल हुए। भोपाल मेट्रो की राह में आ रही सबसे बड़ी अड़चन पुल पातरा और पुल बोगदा स्थित आरा मशीनें हैं। इनको शिफ्ट करने को लेकर चर्चा हुई। आरा मशीनों को रातीबड़ में शिफ्ट करने के लिए 18 एकड़ जमीन प्रशासन ने आवंटित की है। भोपाल मेट्रो ने 6 करोड़ रुपए भी जमा कर दिए हैं। यहां बुनियादी सुविधाओं को उपलब्ध करने के लिए जल्दी एक नोडल एजेंसी हायर की जाएगी। इधर पीजीवीटी कालेज के पास जमीन अधिग्रहण करने के मामले में सहमति लगभग बन गई है। बड़ा बाग कब्रिस्तान के पास कई अड़चनें हैं, इनको सुलझाने के लिए बुधवार को बैरागढ़ एसडीएम आदित्य जैन के यहां फिर बैठक होगी।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 23 | पीपुल्स समाचार | भोपाल | **11.09.2024** | **3** | मेट्रो प्रोजेक्ट : 100 कर्मचारियों ने तीन घंटे में ब्रिज से हटाया लोहे का स्ट्रक्चर |


बदलते जमाने का अखबार
पीपुल्स समाचार

न्यूज़ पोर्टल राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय प्रादेशिक खेल व्यापार

**भोपाल सिटी Page: 3** September 11, 2024


# मेट्रो प्रोजेक्ट : 100 कर्मचारियों ने तीन घंटे में ब्रिज से हटाया लोहे का स्ट्रक्चर


**पीपुल्स संवाददाता • भोपाल**

मो.नं. 9300697983


हबीबगंज नाके से डीआरएम स्टेशन के बीच 2 स्टील ब्रिज से मेट्रो गुजरेगी। इसके लिए पिछले 8 महीने से काम चल रहा है। 4 सितंबर को 3 घंटे के अंदर रेलवे ट्रैक पर पिलर के ऊपर 65 मीटर लंबा और 400 टन वजनी स्टील ब्रिज स्ट्रक्चर रख दिया गया है। जबकि मंगलवार को ब्रिज सपोर्ट के लिए नीचे रखा लोहे का स्ट्रक्चर भी हटा दिया गया है। इसे हटाने में क्रेन और 100 कर्मचारियों को 3 घंटे लगे। मेट्रो कंपनी ने रेलवे से दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक ब्लॉक लिया था।

हबीबगंज नाके से डीआरएम ऑफिस तक रेलवे ट्रैक के ऊपर स्टील ब्रिज लॉन्चिंग होने के बाद ब्रिज पर ट्रैक बिछाने का काम शुरू होगा। साथ ही दूसरे कंपोजिट ब्रिज को रखने को लेकर भी तैयारियां शुरू हो गई हैं। जिस समय हबीबगंज नाके से पास स्टील ब्रिज के नीचे से लोहे का स्ट्रक्चर हटाया जा रहा था, तब कोई हादसा न हो, इसलिए 100 कर्मचारियों को तैनात किया गया है।



भोपाल। मेट्रो ट्रैक पर ब्रिज के सपोर्ट के लिए रखा गया स्ट्रक्चर हटा लिया गया।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 24 | दै निक जागरण | भोपाल | **11.09.2024** | **3** | ओवर ब्रिज के लिए लगाया स्ट्रक्चर 3 घंटे में हटाया |



# ओवर ब्रिज के लिए लगाया स्ट्रक्चर 3 घंटे में हटाया

## लोहे के स्ट्रक्चर पर रोल किया गया था आरओबी, अब काम में आएगी तेजी

**जागरण प्रतिनिधि, भोपाल।** भोपाल मेट्रो को हबीबगंज नाका पार कराने के लिए रेलवे ओवर ब्रिज का बचा हुआ काम भी मंगलवार को पूरा कर लिया गया। रेलवे ओवर ब्रिज के लिए बनाए गए स्ट्रक्चर को हटाने में 3 घंटे का समय लगा। रेलवे ओवर ब्रिज को गणेश मंदिर साइड और डीआरएम ऑफिस साइड वाले पिलर पर रखने के लिए स्ट्रक्चर बनाया गया था। 400 टन वजन के 65 मीटर लंबे ब्रिज को इसी स्ट्रक्चर के सहारे पिलर पर रखा गया था।

मेट्रो के अधिकारियों ने बताया कि आरोबी ब्रिज को मेट्रो ब्रिज के ऊपर ही असेंबल किया गया था। जिसके बाद उसे लोहे के स्ट्रक्चर पर रोल करके पिलर्स पर सेट किया गया था। पिछले मंगलवार यानी 3 सितंबर को आरोबी लॉन्च किया गया था। इस मंगलवार को स्ट्रक्चर हटा लिया गया। जिसके लिए रेलवे से 3 घंटे का ब्लॉक मेट्रो कंपनी को मिला था। रेलवे से दोपहर 12 बजे जैसे ही ब्लॉक मिला, मेट्रो कॉरपोरेशन ने स्ट्रक्चर हटाने की शुरुआत कर दी। दोपहर 3 बजे तक स्ट्रक्चर पूरी तरह से हटा दिया गया।



### इसी महीने रखा जाएगा कंपोजिट ब्रिज

भोपाल मेट्रो के 400 टन वजनी आरोबी स्टील ब्रिज पर अब ट्रैक बिछेगा। वहीं अब हबीबगंज नाके से डीआरएम ऑफिस तक दूसरे कंपोजिट ब्रिज को रखने को लेकर भी तैयारियां शुरू हो गई हैं। सितंबर में ही इसे भी बड़ी मशीनों की मदद से रखे जाने की उम्मीद है। मेट्रो अधिकारियों के मुताबिक इस ब्रिज को नीचे ही असेंबल किया जा रहा है। मशीनों की मदद से असेंबल स्टील ब्रिज को पिलर्स पर लॉन्च किया जाएगा। भोपाल में मेट्रो के दो स्टील ब्रिज में से ट्रेन गुजरेगी। पहला रेलवे ओवरब्रिज और दूसरा कंपोजिट ब्रिज है। यह भी राजस्थान के अलवर से लाया गया। पहला ब्रिज रखने के बाद अब दूसरे ब्रिज को असेंबल किया जा रहा है। इसका वजन 200 टन और लंबाई 48 मीटर है। हबीबगंज नाके पर लगे स्ट्रक्चर को भी जल्द ही हटाया जाएगा।

### सुरक्षा का रखा गया ध्यान

जिस समय हबीबगंज नाके के पास स्टील ब्रिज के नीचे से लोहे का स्ट्र. र हटाया जा रहा था, तब कोई हादसा न हो, इसलिए 20 कर्मचारियों को तैनात किया गया। वहीं, ट्रैक, क्रेन पर 80 से अधिक अफसर और कर्मचारी मौजूद रहे।

### अक्टूबर में शुरू होगा ट्रैफिक

मेट्रो कॉर्पोरेशन के अफसरों की मानें तो दूसरे ब्रिज को रखने, ट्रैक बिछाने, सड़क बनाने समेत अन्य कार्यों में करीब डेढ़ महीने का समय लग जाएगा। अक्टूबर के आखिरी में ट्रैफिक शुरू हो सकता है।

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 25 | हरी भूमि | भोपाल | **11.09.2024** | **3** | ब्रिज के सपोर्ट के लिए रखा लोहे का स्ट्रक्चर 3 घंटे में क्रेन की मदद से हटाया, मेट्रो के लिए अब ट्रैक बिछेगा |


हरिभूमि

# भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 11 सितंबर 2024

3


मंगलवार को फिर मिला रेलवे से तीन घंटे का ब्लॉक

## ब्रिज के सपोर्ट के लिए रखा लोहे का स्ट्रक्चर 3 घंटे में क्रेन की मदद से हटाया, मेट्रो के लिए अब ट्रैक बिछेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हबीबगंज रेलवे क्रॉसिंग के बाद अब डीआरएम चौराहे पर स्टील ब्रिज का काम भी पूरा होने को है। ब्रिज के सपोर्ट के लिए रखा लोहे का स्ट्रक्चर मंगलवार को 3 घंटे में बड़ी क्रेन की मदद से हटा लिया गया। अब दूसरे कंपोजिट ब्रिज को रखने को लेकर भी तैयारियां अंतिम चरण में है। इसके बाद मेट्रो के 400 टन वजनी स्टील ब्रिज पर अब ट्रैक बिछना शुरू हो जाएगा। रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के पास हबीबगंज नाके से डीआरएम स्टेशन के बीच 2 स्टील ब्रिज से मेट्रो गुजरेगी। इसके लिए पिछले 8 महीने से काम चल रहा है। रेलवे से मंगलवार को दोपहर 12 बजे जैसे ही ब्लॉक मिला, मेट्रो कॉरपोरेशन ने स्ट्रक्चर हटाने की शुरुआत कर दी। दोपहर 3 बजे तक स्ट्रक्चर पूरी तरह से हटा दिया गया।

### सेफ्टी पर भी फोकस

हबीबगंज नाके से पास स्टील ब्रिज के नीचे से लोहे का स्ट्रक्चर हटाया जा रहा था, तब कोई हादसा न हो, इसलिए 20 कर्मचारियों को तैनात किया गया था। वहीं ट्रैक व क्रेन पर 80 से अधिक अफसर और कर्मचारी मौजूद रहे। भोपाल में मेट्रो के दो स्टील ब्रिज में से ट्रेन गुजरेगी। पहला रेलवे ओवरब्रिज और दूसरा कंपोजिट ब्रिज है। यह भी राजस्थान के अलवर से लाया गया। पहला ब्रिज रखने के बाद अब दूसरे ब्रिज को असेंबल किया जा रहा है। इसका वजन 200 टन और लंबाई 48 मीटर है। जैसे ही ब्रिज असेंबल होगा, ब्रिज रख दिया जाएगा।

### अगले माह होगा काम पूरा

मेअरो अधिकारियों के अनुसार अक्टूबर में काम पूरा हो जाएगा। दूसरे ब्रिज को रखने व ट्रैक बिछाने के साथ ही सड़क बनाने समेत अन्य कार्यों में करीब डेढ़ महीने का समय लग जाएगा। अक्टूबर के आखिरी या नवंबर के शुरुआती दिनों में सड़क से ट्रैफिक शुरू हो सकता है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 26 | The Hitavada | Bhopal | **11.09.24** | **2** | MPMRCL works for removal of temporary structures at Habibganj |



TheHitavada BHOPAL ■ Wednesday ■ September 11 ■ 2024

# MPMRCL works for removal of temporary structures at Habibganj





■ Staff Reporter

AS THE Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited (MPMRCL) aims to start the commercial run of the priority corridor from next year, the corporation on Tuesday carried out activities for the removal of temporary structures used for the Railway Over Bridge (RoB) launch near the railway line. Notably, the priority line of the metro stretches from Subhash Nagar to Rani Kamlapati Railway Station.

Notably, few days ago, managing director of the corporation, S Krishna Chaitanya launched the railway over bridge (ROB) at the Habibganj naka. Also, as stated by the corporation, the work on launching the I-Girder connecting the RoB (Steel Bridge) at Habibganj Naka is in full swing.

MPMETRO

13th September

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 27 | पत्रिका | भोपाल | 13.09.24 | 02 | कानपुर मेट्रो की टनल बनाने वाली मशीनें बनाएंगी भोपाल मेट्रो के अंडरग्राउंड स्टेशन |



50 मीटर लंबी और 15 मीटर गोलाई वाले मुंह की मशीन आएगी

# कानपुर मेट्रो की टनल बनाने वाली मशीनें बनाएंगी भोपाल मेट्रो के अंडरग्राउंड स्टेशन


पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com


**भोपाल.** मेट्रो ट्रेन के अंडरग्राउंड स्टेशन और लाइन बनाने की व्यवस्था तय हो चुकी है। अक्टूबर में इसके लिए शहर में बड़ी मशीनरी की आमद होगी। 50 मीटर लंबी और 15 मीटर गोलाई वाले मुंह की मशीन एक माह में शहरवासी देख पाएंगे। इसके साथ ही कंक्रीट स्प्रेइंग रोबोट, सेगमेंट इरेक्टर जैसी मशीनें बुलवाई जा रही हैं। 768 करोड़ रुपए में काम दिया हुआ है। जिस कंपनी को काम दिया है, वह कानपुर मेट्रो की अंडरग्राउंड लाइन भी तैयार कर रही है।

**ये हैवी मशीनरी अब आएंगी भोपाल:** टनल बोरिंग मशीन- यह मशीन एक गोलाकार उपकरण है, जो भूमिगत संरचनाओं को बनाने के लिए उपयोग की जाती है। 100 मीटर तक लंबी होती है। मशीन के अगले हिस्से पर कटर हेड होता है जो मिट्टी, चट्टान को काटता है। एक सपोर्ट सिस्टम होता है जो सुरंग के खोदे गए हिस्से को तुरंत सपोर्ट देता है। इसमें लगे सिस्टम से खोदी गई सामग्री को ट्रॉली सिस्टम से मशीन के पीछे की ओर ले जाया जाता है।



पुराने शहर में अंडरग्राउंड लाइन व स्टेशन की प्रक्रिया की जा रही है। इसके लिए जरूरी मशीनरी जल्द ही भोपाल आएगी। शहर के लिए ये मशीनें नई और अनोखी होगी।

**चैतन्य कृष्णा,** एमडी मेट्रो रेल कारपोरेशन

**कंक्रीट स्प्रेइंग रोबोट:** यह एक स्वचालित मशीन है जिसका उपयोग सुरंगों, खदानों, और अन्य भूमिगत संरचनाओं की दीवारों पर कंक्रीट स्प्रे करने के लिए किया जाता है। इसका प्रमुख कार्य निर्माण स्थलों पर संरचनाओं को मजबूत और स्थिर बनाना है। यह विशेष रूप से उन स्थानों पर उपयोगी होता है जहां मैन्युअल स्प्रेइंग कठिन या जोखिमपूर्ण होता है।

17th September

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 28 | नवदुनिया | भोपाल | 17.09.24 | 2 | भोपाल मेट्रो : डी आर एम् तिराहे पर स्टील ब्रिज बनाने के लिए दो गर्डर किये लांच |



# भोपाल मेट्रो : डीआरएम तिराहे पर स्टील ब्रिज बनाने के लिए दो गर्डर किए लान्च



भोपाल मेट्रो ने सोमवार को डीआरएम तिराहे पर स्टील ब्रिज के दो गर्डर रखे। ● नवदुनिया

- दूसरे स्टील ब्रिज का काम तेज डेढ़ महीने बाद ट्रैफिक शुरू होने की उम्मीद

नवदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल : भोपाल मेट्रो परियोजना के तहत डीआरएम तिराहे पर दूसरे स्टील ब्रिज का निर्माण कार्य तेजी से जारी है। सोमवार को 200 टन वजनी और 48 मीटर लंबा कंपोजिट स्टील ब्रिज बनाने के लिए दो गर्डर लान्च किए गए। इसी महीने इस ब्रिज का पूरा ढांचा तैयार कर दिया जाएगा। यह ब्रिज राजस्थान के अलवर से लाया गया है। मेट्रो के लिए दो स्टील ब्रिज बनाए जा रहे हैं, जिनमें से पहला रेलवे ट्रैक के ऊपर पहले ही रखा जा चुका है। रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से डीआरएम स्टेशन के बीच मेट्रो के लिए यह दो ब्रिज अहम हैं, जिनका निर्माण पिछले आठ महीनों से चल रहा है। चार सितंबर को तीन घंटे के भीतर 65 मीटर लंबा और 400 टन वजनी पहला स्टील ब्रिज पिलर पर स्थापित कर दिया गया था। अब दूसरे ब्रिज के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। मेट्रो कार्पोरेशन के अधिकारियों के अनुसार गर्डर स्थापित करने के बाद ब्रिज को पिलर पर बड़ी क्रेन और मशीनों की मदद से रखा जाएगा। इसके बाद ट्रैक बिछाने, सड़क और रोटरी निर्माण के कार्य होंगे। इस पूरे कार्य में करीब डेढ़ महीने का समय लगेगा और उम्मीद है कि अक्टूबर के अंत या नवंबर की शुरुआत में सड़क से ट्रैफिक फिर से शुरू हो जाएगा। अब ब्रिज का निर्माण अंतिम चरण में है, जिससे जल्द ही शहरवासियों को राहत मिलेगी।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 29 | राज एक्सप्रेस | भोपाल | 17.09.24 | 11 | स्टील ब्रिज के लिए दो गर्डर लांच , इसी महीने रखा जायेगा 200 टन वजनी ४८ मीटर लम्बा ब्रिज |



# स्टील ब्रिज के लिए दो गार्डर लॉन्च, इसी महीने रखा जाएगा 200 टन वजनी 48 मीटर लंबा ब्रिज

## प्रोजेक्ट मेट्रो : अभी डेढ़ महीने का काम बाकी, फिर आम लोगों के लिए खुल जाएगा रास्ता

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क



राजधानी में मेट्रो के दूसरे स्टील ब्रिज के लिए डीआरएम तिराहे पर सोमवार को दो गर्डर लॉन्च कर दिए गए। इसी महीने 200 टन वजनी और 48 मीटर लंबा ब्रिज भी रख दिया जाएगा। इसके बाद नीचे से गाड़ियां और ऊपर से मेट्रो ट्रेन गुजरेगी। पहला स्टील ब्रिज रेलवे ट्रैक के ऊपर पहले ही रखा जा चुका है। रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के पास हबीबगंज नाके से डीआरएम स्टेशन के बीच 2 स्टील ब्रिज से मेट्रो गुजरेगी। इसके लिए पिछले 8 महीने से काम चल रहा है। 4 सितंबर को 3 घंटे के अंदर रेलवे ट्रैक पर पिलर के ऊपर 65 मीटर लंबा और 400 टन वजनी ब्रिज का स्ट्रक्चर रख दिया गया। अब दूसरे ब्रिज को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। दूसरा कंपोजिट स्टील ब्रिज है, जिसके दो गर्डर सोमवार को लॉन्च किए गए। मेटो के लिए पहला रेलवे ओवरब्रिज और दूसरा कंपोजिट ब्रिज है। यह भी राजस्थान के अलवर से लाया गया। पहला ब्रिज रखने के बाद अब दूसरे ब्रिज को असेंबल किया जा रहा है। इसके बाद बाकी के काम होंगे और फिर आम लोगों के लिए रास्ता खोल दिया जाएगा।

### अब होगा यह काम

डीआरएम तिराहे पर कंपोसिट ब्रिज को बड़ी क्रेन और मशीनों की मदद से पिलर पर रखा जाएगा। इससे पहले गर्डर लॉन्च कर दिए गए। फिर ट्रैक बिछाया जाएगा। इसके बाद नीचे सड़क और रोटरी बनाएंगे। ताकि, सड़क से ट्रैफिक शुरू किया जा सके। मेट्रो कॉर्पोरेशन के अफसरों की माने तो दूसरे ब्रिज को रखने, ट्रैक बिछाने, सड़क बनाने समेत अन्य कार्यों में करीब डेढ़ महीने का समय लग जाएगा। अक्टूबर के आखिरी या नवंबर के शुरुआती दिनों में सड़क से ट्रैफिक शुरू हो सकता है।

### मार्च में हुई थी शुरूआत

इसी साल जनवरी-फरवरी में ब्रिज के पार्ट्स अलवर से भोपाल आ गए थे। जिन्हें मार्च में असेंबल करना शुरू किया गया। मार्च में काम की शुरुआत की गई। करीब छह महीने से रास्ता भी डायवर्ट किया गया है। दूसरी ओर, डीआरएम ऑफिस तिराहे की सड़क के ऊपर ब्रिज के पॉर्ट्स असेंबल किए गए।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 30 | पीपुल्स समाचार | भोपाल | 17.09.24 | 4 | सुभाष नगर - एम्स मेट्रो रूट पर दूसरा स्टील ब्रिज रखने के लिए कंपनी ने गर्डर किये लांच |


बदलते जमाने का अखबार
पीपुल्स समाचार

न्यूज़ पोर्टल राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय प्रादेशिक खेल व्यापार

भोपाल सिटी Page: 4 September 17, 2024


# सुभाष नगर-एम्स मेट्रो रूट पर दूसरा स्टील ब्रिज रखने के लिए कंपनी ने लॉन्च किए गर्डर


पीपुल्स संवाददाता • भोपाल

मो.नं. 9300697983


सुभाष नगर से एम्स के बीच मेट्रो रूट पर स्टील ब्रिज का काम पूरा होने वाला है। रेलवे ट्रैक के ऊपर 400 टन वजनी स्टील ब्रिज रखने के बाद अब सोमवार को मेट्रो कंपनी ने डीआरएम तिराहे पर स्टील ब्रिज के लिए गर्डर लॉन्च कर दिए। अब इस पर 200 टन वजनी 48 मीटर लंबा स्टील ब्रिज रखा जाएगा। इसमें ऊपर से मेट्रो और नीचे से गाड़ियां गुजरेंगी।

डीआरएम ऑफिस के पास मेट्रो रेलवे ट्रैक और सड़क के ऊपर से गुजरेगी। इसके लिए ट्रैक और सड़क के ऊपर स्टील ब्रिज बनाए गए हैं। इसमें से एक 65 मीटर लंबा और 400 टन वजनी स्टील ब्रिज ट्रैक के ऊपर एक हफ्ते पहले रखा जा चुका है। अब सड़क के ऊपर स्टील ब्रिज रखने का काम शुरू किया गया है। इसके तहत सड़क के ऊपर गर्डर लॉन्च किए गए। दोनों ब्रिज रखने के बाद ट्रैक बिछाया जाएगा। पहला रेलवे ओवरब्रिज और दूसरा कंपोजिट ब्रिज है। दोनों ब्रिज अलवर में बने थे और असेंबलिंग भोपाल में की गई।



डीआरएम तिराहे पर सोमवार को क्रेन की मदद से स्टील ब्रिज के लिए गर्डर लॉन्च किए।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 31 | Free Press | Bhopal | 17.09.24 | 4 | 48 mt girder erection for metro composite steel bridge completed |



# 48 mt girder erection for Metro composite steel bridge completed

**Our Staff Reporter**
BHOPAL

Yet another major work of Bhopal Metro project has been accomplished. The task of 48

**BHOPAL METRO**

meter long girder erection for Bhopal Metro's Composite Steel Bridge at DRM office Chauraha has been completed.

Now the Metro officials are



looking for the next stage of slab casting. The work of laying track between AIIMS and Subhash Nagar metro depot is underway.

Once this work is complete then the test of metro train will be done from Subash Nagar to AIIMS metro station. As of now, the metro train is being run on trial basis from Subhash Nagar metro depot till Rani Kamlapati Metro Station.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 32 | दैनिक जागरण | भोपाल | 17.09.24 | 5 | हबीबगंज नाके पर कम्पोजिट स्टील ब्रिज के लिए गर्डर लांच |

दैनिक जागरण
भोपाल, 17 सितंबर 2024



48 मी. लंबा 200 टन वजनी स्टील ब्रिज रखा जाएगा

# हबीबगंज नाके पर कंपोजिट स्टील ब्रिज के लिए गर्डर लॉन्च

**जागरण, भोपाल।** भोपाल मेट्रो के दूसरे स्टील ब्रिज के लिए डीआरएम तिराहे पर सोमवार को दो गर्डर लॉन्च कर दिए गए। इसी महीने 200 टन वजनी और 48 मीटर लंबा ब्रिज भी रख दिया जाएगा। इसके बाद नीचे से गाड़ियां और ऊपर से मेट्रो ट्रेन गुजरेगी। पहला स्टील ब्रिज रेलवे ट्रैक के ऊपर रखा जा चुका है। रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के पास हबीबगंज नाके से डीआरएम स्टेशन के बीच 2 स्टील ब्रिज से मेट्रो गुजरेगी। इसके लिए पिछले 8 महीने से काम चल रहा है। 4 सितंबर को 3 घंटे के अंदर रेलवे ट्रैक पर पिलर के ऊपर 65 मीटर लंबा और 400 टन वजनी ब्रिज का स्ट्रक्चर रख दिया गया। अब दूसरे ब्रिज को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। दूसरा कंपोजिट स्टील ब्रिज है, जिसके दो गर्डर सोमवार को लॉन्च किए गए।



## पहले दूसरा ब्रिज रखेंगे, बाकी के काम भी होंगे

पहला रेलवे ओवरब्रिज और दूसरा कंपोजिट ब्रिज है। यह भी राजस्थान के अलवर से लाया गया। पहला ब्रिज रखने के बाद अब दूसरे ब्रिज को असेंबल किया जा रहा है। इसके बाद बाकी के काम होंगे और फिर आम लोगों के लिए रास्ता खोल दिया जाएगा। मेट्रो कॉर्पोरेशन के अफसरों की माने तो दूसरे ब्रिज को रखने, ट्रैक बिछाने, सड़क बनाने समेत अन्य कार्यों में करीब डेढ़ महीने का समय लग जाएगा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 33 | हरिभूमि | भोपाल | 17.09.24 | 3 | सुभाष नगर - एम्स मेट्रो रूट पर दूसरा स्टील ब्रिज रखने के लिए गर्डर किये गए लांच |


हरिभूमि

भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 17 सितंबर 2024


गर्डर पर रखा जाएगा दो सौ टन वजनी स्टील ब्रिज

# सुभाष नगर-एम्स मेट्रो रूट पर दूसरा स्टील ब्रिज रखने गर्डर किए गए लांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सुभाष नगर से एम्स के बीच मेट्रो रूट की सबसे बड़ी रुकावट स्टील ब्रिज का काम लगभग पूरा होने वाला है। रेलवे ट्रैक के ऊपर 400 टन वजनी स्टील ब्रिज रखने के बाद अब सोमवार को मेट्रो कंपनी ने डीआरएम तिराहे पर सड़क के ऊपर स्टील ब्रिज के लिए गार्डर लांच कर दिए गए। अब इसमें 200 टन बजनी 48 मीटर लंबा स्टील ब्रिज रखा जाएगा। ब्रिज रखने के बाद ऊपर से मेट्रो और नीचे से गाड़ियां गुजरेंगी।



डीआरएम ऑफिस के पास मेट्रो रूट पर गार्डर की लॉन्चिंग करती दो क्रेन।

हबीबगंज डीआरएम ऑफिस के पास मेट्रो रेलवे ट्रैक और सड़क के ऊपर से गुजरेगी। इसके लिए रेलवे ट्रैक और सड़क के ऊपर स्टीट ब्रिज बनाए गए हैं। इसमें से एक 65 मीटर लंबा और 400 टन वजनी स्टील ब्रिज रेलवे ट्रैक के ऊपर एक सप्ताह पहले ही रखा जा चुका है, जबकि अब सड़क के ऊपर स्टील ब्रिज रखने का काम शुरू किया गया है, जिसके तहत सोमवार को सड़क के ऊपर गार्डर लांच किए गए। अब इसके ऊपर स्टील ब्रिज रखा जाएगा। दोनों ब्रिज रखने के बाद इसमें ट्रैक बिछाया जाएगा, जिसमें मेट्रो दौड़ेगी। पहला रेलवे ओवरब्रिज और दूसरा कंपोजिट ब्रिज है। यह दोनों ब्रिज राजस्थान के अलवर में बनकर तैयार हुए हैं, हालांकि इनकी असेंबलिंग भोपाल में की गई है।

19th September

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 34 | राज एक्सप्रेस | भोपाल | 19.09.24 | 3 | 200 टन वजनी, 48 मीटर चौड़े ब्रिज को अस्सेम्ब्ले करने का काम तेज़, अक्टू बर महीने में रखा जायेगा |

राज एक्सप्रेस
सूर्यास्त (गुरुवार): 06:20
सूर्योदय (शुक्रवार): 06:08
महानगर
तापमान अधिकतम 29.6° न्यूनतम 21.2°
भोपाल 3
गुरुवार, 19 सितम्बर, 2024
www.rajexpress.com



# 200 टन वजनी, 48 मीटर चौड़े ब्रिज को असेंबल करने का काम तेज, अक्टूबर महीने में रखा जाएगा

## हबीबगंज नाके से डीआरएम स्टेशन के बीच दो स्टील ब्रिज से गुजरेगी मेट्रो

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क

राजधानी में मेट्रो के दूसरे स्टील ब्रिज के लिए डीआरएम तिराहे पर गर्डर लॉन्च होने के बाद अब 200 टन वजनी और 48 मीटर चौड़े ब्रिज को असेंबल करने का काम तेज हो गया है। मेट्रो के अफसरों का कहना है कि अक्टूबर में इस ब्रिज को भी पिलर पर रख देंगे। इसके बाद सड़क बनाई जाएगी। दरअसल कमलापति रेलवे स्टेशन के पास हबीबगंज नाके से डीआरएम स्टेशन के बीच 2 स्टील ब्रिज से मेट्रो गुजरेगी। इसके लिए पिछले 8 महीने से लगातार काम चल रहा है। 4 सितंबर को 3 घंटे के अंदर रेलवे ट्रैक पर पिलर के ऊपर 65 मीटर लंबा और 400 टन वजनी ब्रिज का स्ट्रक्चर रख दिया गया। वहीं, दूसरे ब्रिज के लिए दो दिन पहले गर्डर की लॉन्चिंग भी हो गई है। ब्रिज का यह महत्वपूर्ण काम है। मेट्रो अफसरों के अनुसार, भोपाल मेट्रो के लिए दो स्टील ब्रिज बनेंगे। पहला रेलवे ओवरब्रिज और दूसरा कंपोजिट ब्रिज है। यह भी राजस्थान के अलवर से लाया गया। पहला ब्रिज रखने के बाद अब दूसरे ब्रिज को असेंबल किया जा रहा है। इसके बाद बाकी के काम होंगे और फिर आम लोगों के लिए रास्ता खोल दिया जाएगा। डीआरएम तिराहे पर कंपोसिट ब्रिज को बड़ी क्रेन की मदद से रखेंगे। अभी यह ब्रिज असेंबल किया जा रहा है। इसकी लंबाई 48 मीटर है, जबकि वजन 200 टन है। ऐसे में एक साथ 4 मशीनों की मदद ली जाएगी। इसके बाद ब्रिज के ऊपर ट्रैक बिछाया जाएगा। मेट्रो से जुड़े सारे काम होने के बाद नीचे सड़क और रोटरी बनाएंगे।

### अक्टूबर अंत तक शुरू होगा ट्रैफिक

मेट्रो कॉर्पोरेशन के अफसरों की मानें तो दूसरे ब्रिज को रखने, ट्रैक बिछाने, सड़क बनाने समेत अन्य कार्यों में करीब डेढ़ महीने का समय और लग सकता है, अक्टूबर के आखिरी या नवंबर के पहले सप्ताह में सड़क से ट्रैफिक शुरू हो सकता है।

**20th September 2024**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 35 | दैनिक जागरण | भोपाल | 20.09.24 | 5 | सेंट्रल स्कूल मेट्रो स्टेशन के नीचे से हटाए जायेंगे बैरिकेट्स |



## सेंट्रल स्कूल मेट्रो स्टेशन के नीचे से हटाए जाएंगे बेरिकेट्स



**जागरण प्रतिनिधि, भोपाल।** भोपाल के केंद्रीय स्कूल मेट्रो स्टेशन के नीचे एक तरफ की सड़क जल्द शुरू होगी। यह सड़क तेजी से बनाई जा रही है। जिसके बाद बेरिकेट्स हटा दिए जाएंगे। सुभाषनगर से एमपी नगर की ओर आने-जाने वालों को बड़ी राहत मिलेगी। शाम के वक्त इस इलाके में बेरिकेट्स की वजह से ट्रैफिक जाम हो जाता है। गुरुवार को मेट्रो कॉरपोरेशन के एमडी एस. कृष्ण चैतन्य ने भी मेट्रो स्टेशन और अंडरग्राउंड रूट के लिए चल रहे कामों का निरीक्षण किया। दोपहर में सुभाषनगर मेट्रो स्टेशन से निरीक्षण की शुरुआत हुई। यहां पर अधिकारियों, जनरल कंसलटेंट एवं कॉन्ट्रैक्टर्स को स्टेशन के बाकी बचे निर्माण कार्यों एवं सड़क के रखरखाव के लिए कहा। एमडी चैतन्य ने जमीन में 5 मीटर नीचे अंडरग्राउंड पंप रूम का भी निरिक्षण किया। एमडी चैतन्य ने केंद्रीय स्कूल के साथ ऑरेंज लाइन के आगामी कॉरिडोर का भी निरीक्षण किया। पुल बोगदा, ऐशबाग, भोपाल रेलवे स्टेशन और सिंधी कॉलोनी इलाके में पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने बाकी बचे कामों को जल्द निपटाने को कहा। निरीक्षण के दौरान सिस्टम निदेशक शोभित टंडन, प्रोजेक्ट्स निदेशक अजय गुप्ता समेत विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, जनरल कंसल्टेंट और मेट्रो निर्माण ठेकेदारों के प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 36 | दैनिक भास्कर | भोपाल | 20.09.24 | J4 | पुल बोगदा पर बनेगा ब्लू - ऑरेंज लाइन का इंटरचेंज सेक्शन , यहाँ से मेट्रो बदल सकेंगे |

दैनिक भास्कर भोपाल 20-09-2024 Pg-J4

**प्रोजेक्ट** • करोंद से एम्स के बीच ऑरेंज लाइन, भदभदा से रत्नागिरी चलेगी ब्लू मेट्रो

# पुल बोगदा पर बनेगा ब्लू-ऑरेंज लाइन का इंटरचेंज सेक्शन, यहां से मेट्रो बदल सकेंगे

## सुभाष नगर से एम्स के बीच ट्रैक का काम अंतिम चरण में

विशेष संवाददाता | भोपाल

ऑरेंज और ब्लू ट्रैक पर चलने वाली भोपाल मेट्रो का इंटरचेंज सेक्शन (जंक्शन) पुल बोगदा के पास बनेगा। फिलहाल सुभाष नगर से एम्स के बीच मेट्रो के प्रायोरिटी ट्रैक का काम आखिरी चरण में है। पुल बोगदा के पास का हिस्सा प्रायोरिटी ट्रैक के पास ही है, इसलिए इंटरचेंज सेक्शन पर भी काम जल्द ही शुरू किया जाएगा। ऐसा इसलिए क्योंकि भदभदा से रत्नागिरी के बीच भविष्य में बनने वाली ब्लू लाइन और करोंद से एम्स के बीच बन रही ऑरेंज लाइन के इंटरचेंज सेक्शन को अभी से डिजाइन करना पड़ेगा। यह एक ऐसा सेक्शन होगा, जहां यात्री एक मेट्रो से उतरकर दूसरी में सवार हो सकेंगे।

गुरुवार सुबह करीब 11 बजे मेट्रो एमडी एस कृष्ण चैतन्य ने इस पुल बोगदा पर बनने जा रहे इंटरचेंज सेक्शन के स्थल का मुआयना किया। इससे पहले वह सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन गए। एमडी स्टेशन के 5 फीट नीचे बने पंप हाउस में भी गए। पंप हाउस वो जगह है, जहां से मेट्रो स्टेशन और ट्रेन में पानी सप्लाई किया जाएगा। ऐसे पंप हाउस सभी स्टेशन पर बनाए जा रहे हैं। पानी की सप्लाई चेन को चार अलग-अलग मोटर्स की मदद से संचालित किया जाएगा। इनमें से दो मोटर पानी सप्लाई में काम आएंगी। जबकि बाकी दो मोटर आगजनी जैसी किसी आपात स्थिति के वक्त इस्तेमाल की जाएंगी।क्योंकि इनकी फिटिंग और पाइपलाइन इसी तर्ज पर बिछाई गई है कि यदि स्टेशन पर कोई हादसा होता है तो आग बुझाने में इसका इस्तेमाल किया जा सके।

## डीआईजी बंगला के पास आज से डायवर्सन

डीआईजी बंगला के पास भोपाल मेट्रो स्टेशन का निर्माण कार्य किया जाना है। इसके लिए आरिफ नगर से डीआईजी बंगला चौराहा की ओर जाने वाली सड़क का ट्रैफिक डायवर्सन किया जाएगा। मेट्रो कंपनी की सूचना के बाद भोपाल ट्रैफिक पुलिस ने इस सड़क का ट्रैफिक डायवर्सन प्लान जारी किया है। यह सड़क शुक्रवार से अगले 30 दिन तक यानी 19 अक्टूबर तक बंद रहेगी। आरिफ नगर से डीआईजी बंगला चौराहा की ओर आने वाली सड़क का ट्रैफिक बगल से गुजर रही दूसरी सड़क से गुजरेगा। पुलिस ने अपील की है कि कोई असुविधा होने पर ट्रैफिक पुलिस के नंबर 0755-2677340, 2443850 पर संपर्क करें और वॉट्सएप नंबर 7587602055 पर भी सूचना दें।

### जो सड़कें खराब हुईं, उन्हें जल्दी बनाकर एजेंसी को सौंपें

इस दौरान एमडी ने संबंधित कॉन्ट्रेक्टर और इंजीनियर्स को निर्देश दिए कि बचे हुए काम तय समय सीमा में पूरे कर लिए जाएं। इसके अलावा उन सभी सड़कों का नए सिरे से निर्माण करें, जो मेट्रो निर्माण के दौरान खराब हुई हैं। इन सड़कों को दुरुस्त कर उन्हें संबंधित एजेंसी को सौंप दिया जाए।

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 37 | पत्रिका | भोपाल | 20.09.24 | 6 | मेट्रो ट्रैन प्रोजेक्ट : पांच मीटर गहराई में बनाये पंप रूम में उतरे एम डी , मेट्रो स्टेशनो को यही से होगी जलापूर्ति |

पत्रिका

# मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट: पांच मीटर गहराई में बनाए पंप रूम में उतरे एमडी, मेट्रो स्टेशनों को यहीं से होगी जलापूर्ति

**भोपाल @ पत्रिका.** मेट्रो ट्रेन स्टेशनों पर जलापूर्ति सुनिश्चित करने पांच मीटर गहराई वाले पंप रूम तैयार किए जा रहे हैं। एमडी एस कृष्ण चैतन्य गुरुवार को जब प्रोजेक्ट के निरीक्षण के लिए निकले तो पहली बार जमीन के अंदर पांच मीटर की गहराई में पहुंचे। यहां दो पंप सेट स्टेशन पर जलापूर्ति का काम करेंगे। दो हाईप्रेशर पंप हैं, जो स्टेशन व लाइन में आग लगने की स्थिति में तुरंत पानी पहुंचाकर आग बुझाने में मदद करेंगे। हर स्टेशन के पास से पंप रूम बनाए हैं। ये जमीन में पांच मीटर गहराई में हैं, यानी काफी मात्रा में पानी आएगा। एमडी सेंट्रल स्कूल स्टेशन के पास के पंप रूम में पहुंचे। हर स्टेशन पर इसे तैयार किया गया है। एमडी सुभाष नगर स्टेशन, केन्द्रीय विद्यालय के साथ ऑरेंज लाइन के आगामी कॉरिडोर जिसमें अंडरग्राउंड साइट भी शामिल है (पुल बोगदा, ऐशबाग़, भोपाल रेल्वे स्टेशन एवं सिंधी कॉलोनी) का स्थलीय निरीक्षण किया। एमडी ने मेट्रो लाइन व स्टेशन के नीचे खराब सड़क को दुरुस्त कराने का काम भी शुरू कराया। सेंट्रल स्कूल स्टेशन से ये काम शुरू हुआ।



मेट्रो प्रोजेक्ट का निरीक्षण करते एमडी।

20/09/2024 | Bhopal | Page : 6
Source : https://epaper.patrika.com/

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 38 | राष्ट्रीय हिंदी मेल | भोपाल | 20.09.24 | 3 | मेट्रो के प्रबंध संचालक ने सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन का किआ सघन निरिक्षण |

# मेट्रो के प्रबंध संचालक ने सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन का किया सघन निरीक्षण



भोपाल। गुरूवार को प्रातः 11 बजे से मेट्रो के प्रबंध संचालक एस कृष्ण चैतन्य द्वारा सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन का सघन निरीक्षण आरंभ हुआ। सुभाष नगर पर एमडी द्वारा स्टेशन के निर्माण कार्यों का अवलोकन किया गया तथा मौके पर मौजूद मेट्रो अधिकारियों, जनरल कंसलटेंट एवं कॉन्ट्रैक्टर्स को स्टेशन के शेष निर्माण कार्यों एवं सड़क के रख-रखाव हेतु आवशयक दिशा-निर्देश दिए गए। एमडी ने भूतल में स्थित पांच मीटर नीचे अंडरग्राउंड पंप रूम का भी निरिक्षण किया। तत्पश्चात प्रबंध संचालक द्वारा केन्द्रीय विद्यालय स्टेशन के साथ-2 आगामी कॉरीडोर का भी व्यापक स्थलीय निरीक्षण किया। प्रबंध संचालक द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों, जनरल कंसल्टेंट और ठेकेदारों के साथ सभी महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की एवं निर्माण कार्य की प्रगति का व्यक्तिगत रूप से मूल्यांकन किया। चैतन्य ने समय सीमा मे कार्य पूर्ण करने के महत्व पर जोर दिया और सभी संबंधित पक्षों को शेष कार्यों को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। इस निरीक्षण में प्रमुख अधिकारियों जैसे शोभित टंडन, निदेशक (सिस्टम), अजय गुप्ता, निदेशक (प्रोजेक्ट्स), विभिन्न विभागो के महाप्रबंधक के साथ-साथ जनरल कंसल्टेंट और मेट्रो निर्माण ठेकेदारों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

21st September 2024

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 39 | दैनिक भास्कर | भोपाल | 21.09.24 | 04 | अब ट्रिपल लेयर ट्रैफिक... प्रभात चौराहे पर बनेगा फ्लाईओवर; इसके ऊपर मेट्रो, नीचे ट्रैफिक चलेगा |

दैनिक भास्कर भोपाल 21-09-2024 Pg-04

# अब ट्रिपल लेयर ट्रैफिक... प्रभात चौराहे पर बनेगा फ्लाईओवर; इसके ऊपर मेट्रो, नीचे ट्रैफिक चलेगा

इंफ्रास्ट्रक्चर रिपोर्टर | भोपाल



मंत्री विश्वास सारंग शुक्रवार को फ्लाईओवर के लिए स्थल निरीक्षण करने पहुंचे।

राजधानी में ट्रिपल लेयर ट्रैफिक व्यवस्था होने जा रही है। प्रभात चौराहे पर करीब 48 करोड़ की लागत से फ्लाईओवर बनेगा। इसके ऊपर से मेट्रो रेल गुजरेगी, जबकि नीचे से सामान्य ट्रैफिक गुजरेगा।

दावा किया गया है कि फ्लाईओवर का निर्माण नौ महीने में पूरा किया जाएगा। इसके लिए एक समन्वय समिति बनाई जाएगी, जो निर्माण में आने वाली बाधाओं को चिह्नित कर उनका समाधान करेगी। फ्लाईओवर की लंबाई 650 मीटर होगी। बोगदा पुल की ओर इसकी एप्रोच रोड 75 मीटर तो रायसेन रोड की ओर 135 मीटर की एप्रोच रोड बनाई जाएगी। कैपिटल पेट्रोल पंप के पास नाले पर पुलिया के चौड़ीकरण और सर्विस रोड का काम तत्काल शुरू करने को कहा गया है। यह निर्देश सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने शुक्रवार को दिए। वे उक्त प्रोजेक्ट के प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस दौरान मेयर मालती राय और संबंधित अधिकारी भी मौजूद थे।

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 40 | Free press journal | Bhopal | 21.09.24 | 04 | Solar panels proposed over Metro stations |



# Solar panels proposed over Metro stations

**Our Staff Reporter**
BHOPAL

Installation of solar panels on the rooftops of metro stations in Bhopal and Indore has been proposed to power lighting, escalators, and lifts.

Sources in Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited said energy generated through solar panels would be used to meet the lighting arrangements demands of stations along with operating the lift and escalator as well. In the first phase of the metro project in Bhopal, the metro train are scheduled to be operated between eight stations, while in Indore the metro train will run between five stations.

Meanwhile, minister Visvas Sarang visited the proposed flyover site at Prabhat Square on Friday. The minister said that the three-tier traffic system to be developed at the square would provide relief to people of New Bhopal and BHEL area. The commuters will be able to reach metro railway premises and other nearby areas easily. Vehicular traffic will pass through the lowest tier, and above it will be flyover and over it the metro train will pass, he added.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 41 | राज एक्सप्रेस | भोपाल | 21.09.24 | 3 | प्रभात चौराहे के ऊपर चलेगी मेट्रो, नीचे दौड़ेगा ट्रैफिक |



**सौगात** बोगदा पुल से अप्सरा तक बनेगा फ्लाई ओवर, सीएम डॉ. मोहन यादव करेंगे भूमिपूजन

# प्रभात चौराहे के ऊपर चलेगी मेट्रो, नीचे दौड़ेगा ट्रैफिक

भोपाल (आरएनएन)। राजधानी भोपाल में एक ओर फ्लाई ओवर बनने जा रहा है। यह बोगदा पुल से अप्सरा तक प्रस्तावित है। इसके बन जाने से प्रभात चौराहा पर लगने वाले जाम से मुक्ति मिल जाएगी। वहीं एमपी नगर से आने वाला ट्रैफिक भोपाल रेलवे स्टेशन तक स्मूथ चल सकेगा। वर्तमान में यहां दोपहर दो बजे के बाद से जाम के हालात बन जाते हैं, जो देर रात तक बने रहते हैं। प्रस्तावित फ्लाई ओवर निर्माण स्थाल का जायजा लेने शक्रवार को मंत्री विश्वास सारंग पहंचे।



दरअसल लंबे समय से प्रभात चौराहा से पुल बोगदा, रायसेन रोड, 80 फीट अशोका गार्डन, सुभाष नगर वाले रास्ते पर ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है। इसको देखते हुए ही मैदा मिल से प्रभात चौराहा तक रेलवे ओवर ब्रिज बनाया गया है। इसके बन जाने से एमपी नगर से आने वाला ट्रैफिक सीधे प्रभात चौराहा पर बिना किसी रुकावट के आ रहा है। लेकिन पुल बोगदा से आने वाला ट्रैफिक प्रभात चौराहा पर आकर फंस रहा है, जिस वजह से भोपाल रेलवे स्टेशन जाने वालों को ट्रैफिक जाम में फंसना पड़ रहा है, इसलिए अब एक ओर फ्लाई ओवर की सौगात मिलने वाली है।

## मंत्री विश्वास सारंग ने किया स्थल निरीक्षण

शुक्रवार को प्रभात चौराहा पर प्रस्तावित फ्लाईओवर ब्रिज निर्माण स्थल का सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि प्रभात चौराहे पर नीचे ट्रैफिक, ऊपर फ्लाई ओवर और उसके ऊपर मेट्रो भी चलेगी। इससे रहवासियों को आवागमन में सुविधा होगी। यह क्षेत्र के रहवासी सहित बीएचईएल के लोगों के लिए सौगात है। इस सुविधा से ट्रैफिक और रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाले लोगों को राहत मिलेगी। मंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों सहित पीडबल्यूडी ब्रिज, मेट्रो, नगर निगम, विद्युत वितरण कंपनी, पुलिस और राजस्व के अधिकारियों के साथ संयुक्त दौरा किया। इस दौरान उन्होंने एक समिति बनाने को कहा। यह समिति सभी विभागों के साथ समन्वय बनाएगी। कार्य में आ रही बाधाओं और कठिनाईयों को सामने लाकर दूर करने का प्रयास कमेटी करेगी। लगभग 8 से 9 माह में फ्लाई ओवर तैयार करने की योजना है।

**ग्रेड सेपरेशन और मेट्रो की कार्य योजना:** रायसेन रोड आईटीआई तिराहे से बोगदा पुल तक आरओबी के विकास की योजना में सभी संबंधित विभाग समन्वय के साथ कार्य करेंगे। ग्रेड सेपरेशन और मेट्रो की कार्य योजना को जल्द ही फाइनल किया जाएगा। मंत्री सारंग ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस फ्लाईओवर के लिए भूमिपूजन करेंगे।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 42 | पत्रिका | भोपाल | 21.09.24 | 02 | ऊपर मेट्रो, बीच में फ्लायओवर और नीचे दौड़ेगा शहर का ट्रैफिक |



#Citydevelopment प्रभात चौराहा थ्री टियर फ्लायओवर का काम अगले माह से शुरू, नौ माह में पूरा होगा निर्माण, क्षेत्रीय विधायक ने किया निरीक्षण

# ऊपर मेट्रो, बीच में फ्लायओवर और नीचे दौड़ेगा शहर का ट्रैफिक

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

भोपाल. शहर के बहुप्रतिक्षित प्रभात चौराहा थ्री टियर ग्रेड सेपरेटर फ्लाइओवर का जमीनी निर्माण अक्टूबर के पहले सप्ताह में शुरू हो जाएगा। शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। ब्रिज सारंग ने बताया कि प्रभात चौराहे पर नीचे ट्रैफिक, ऊपर फ्लायओवर और उसके ऊपर मेट्रो भी चलेगी। 48 करोड़ रुपए की लागत से 800 मीटर लंबा ब्रिज अगले नौ माह में तैयार होगा।



मॉडल हुआ तैयार

**फ्लायओवर एक नजर में**

- 800 मीटर लंबा
- 19 मीटर चौड़ा
- 48 करोड़ रुपए लागत
- 04 लाख से अधिक लोगों को राहत
- 100 से अधिक क्षेत्र इससे जुड़ेंगे

**एलिवेटेड डिजाइन होगी ब्रिज की:** इसका निर्माण एक ही एलाइनमेंट में एलिवेटेड डिजाइन से होगा। सबसे नीचे सुभाष नगर फ्लायओवर से स्टेशन जाने वाला यातायात निकलेगा। बीच में रायसेन जाने वाला रास्ता होगा और ऊपर मेट्रो के लिए कॉरिडोर की जगह होगी।

## मेट्रो के लिए टेस्टिंग का काम, अंडरग्राउंड काम करने अगले माह आएगी टर्बल बोरिंग मशीन

मेट्रो ट्रेन 3.34 किमी लंबी अंडरग्राउंड लाइन के लिए मेट्रो रेल कारपोरेशन ने मिट्टी की टेस्टिंग शुरू की है। एक माह में काम को पूरा होगा। इसमें अतिक्रमण की बाधाएं दूर करने प्रशासनिक अफसरों से मेट्रो अफसरों की बैठक हुई। रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म छह की तरफ मेट्रो का अंडरग्राउंड स्टेशन बनेगा। इसके लिए बेरिकेडिंग कर दी है। यहां मिट्टी का परीक्षण पूरा करने के बाद गहराई में खुदाई के लिए अगले माह तक टीबीएम यानी टर्बल बोरिंग मशीन लाई जाएगी।

## पुल बोगदा पर थ्री लेयर में मेट्रो लाइन, पहला फाइव स्टार स्टेशन होगा

पुल बोगदा पर दो मेट्रो लाइन को क्रॉस कराने के लिए प्रस्तावित इंटरचेंज स्टेशन शहर का पहला फाइव स्टार स्टेशन होगा, जिसमें यात्रियों के लिए फाइव स्टार जैसी सुविधाएं होंगी। जिंसी से ऐशबाग तक की बाइब्रेंसी इससे बदल जाएगी। यहां लाइन से 300 मीटर आसपास हाइराइज बिल्डिंग का रास्ता खुलेगा। पुल बोगदा पर थ्री लेयर मेट्रो लाइन के बीच स्टेशन बनेगा। सुभाष ब्रिज के बाद मेट्रो की एलीवेटेड लाइन को करीब दस मीटर अतिरिक्त ऊंचाई पर ले जाया जाएगा। पुल बोगदा पर थ्री लेयर में रेलवे लाइन की स्थिति बनेगी। नीचे मुख्य रेलवे लाइन रहेगी, जबकि इसके उपर भदभदा से रत्नागिरी तिराहे की ओर करीब 13 किमी लंबी लाइन क्रमांक पांच होगी। इससे उपर सुभाष मेट्रो स्टेशन से निकली ब्रांच को करीब दस मीटर ऊंचाई तक उठाकर पुल बोगदा इंटरचेंज क्रॉसिंग कराएंगे। यहीं पर पुल बोगदा मेट्रो स्टेशन होगा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 43 | पत्रिका | भोपाल | 24.09.24 | 4 | स्पेन लॉरिंग तकनीक, चार दिन में स्टील ब्रिज को 16 इंच निचे कर पिल्लर्स पर जमाया |

**24th September**

पत्रिका

# स्पेन लॉरिंग तकनीक, चार दिन में स्टील ब्रिज को 16 इंच नीचे कर पिलर्स पर जमाया

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट के तहत गणेश मंदिर से डीआरएम चौराहा रेलवे ओवरब्रिज में लॉन्च किए स्टील ब्रिज को स्पेन लॉरिंग तकनीकी से पिलर्स पर जमाया गया। स्टील ब्रिज पीलर्स पर 16 इंच ऊंचे जैको स्टूल पर रखा गया था। ब्रिज को पिलर्स पर फिक्स करने इस स्टूल को ही स्पेन लॉरिंग तकनीक से हटाया गया। ये इतनी धीमी प्रोसेस रही कि चार दिन का समय लग गया। सामान्य तौर पर नजर भी नहीं आया कि ब्रिज में कोई हलचल या कंपन हो रहा। इसके लिए 15 प्रशिक्षित कर्मचारी काम पर लगाए गए थे।



## 200 टन के चार जैक पर रखा था ब्रिज

ब्रिज को सीधे पिलर्स पर स्थापित नहीं किया। ब्रिज को रखने पीलर्स के दोनों कोनों पर जैक रखे गए। कुल चार जैक का उपयोग किया गया। इसे धीरे-धीरे हटाया और ब्रिज को फिक्स किया। ये प्रक्रिया 19 सितंबर को शुरू की थी जो 23 सितंबर सोमवार को पूरी हुई। रेलवे लाइन के स्टील ब्रिज और रोड के स्टील ब्रिज को आपस में जोड़ने के लिए बीच में सीसी गर्डर व वाया डक्ट डाली जा रही है।

24/09/2024 | Bhopal | Page : 4
Source : https://epaper.patrika.com/

27th September 2024

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 44 | Free press Journal | Bhopal | 27.09.24 | 3 | Metro enters swachhata hi seva campaign |



# Metro enters Swachhata Hi Sewa campaign

**Our Staff Reporter**
INDORE

Under Swachhata Hi Sewa 2024 campaign, site staff and workers carried out cleaning at Indore Metro sites and took a pledge to maintain cleanliness.

Let us all come together and join this cleanliness campaign to contribute towards keeping the environment and society clean, Metro officials said. They added that the drive will be continued at the sites regularly. The staffers are advised that they shall maintain cleanliness in the premises while working.

They are advised that they shall use dustbins for throwing garbage and ensure that the track of Metro remains clean and if any garbage is found in the premises that they shall voluntarily clean it. The workers also pledged to maintain cleanliness and carried it out.



The cleanliness work done at the construction site by Metro project workers

**29th September**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 45 | पत्रिका | भोपाल | 29.09.24 | | सरगम टॉकीज के पास मेट्रो स्टेशन के नीचे बंद रोड जल्द खुलेगी |

पत्रिका {भोपाल} BHOPAL भोपाल, रविवार, 29 सितंबर 2024 पत्रिका SUNDAY patrika.com

# सरगम टॉकीज के पास मेट्रो स्टेशन के नीचे बंद रोड जल्द खुलेगी

**भोपाल @ पत्रिका.** मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट के तरह सरगम टॉकीज के पास मेट्रो स्टेशन के नीचे बंद रोड आम आवाजाही लिए जल्द ही खुलेगी। इसका बेस तैयार हो गया है। स्टेशन के नीचे की रोड भी बाहरी रोड के समान ऊंचाई पर आ गई है। अभी चार इंच का सीसी इसपर बिछेगा, जिसके बाद ये आम आवाजाही के लिए तैयार हो जाएगी। गौरतलब है कि इस रोड को मजबूती के साथ तैयार किया गया है। यहां पहले रोड को करीब डेढ़ फीट गहराई तक खोदा गया। इसमें बिटूमिन की लेयरिंग की। ये करीब सवा मीटर के करीब रही। अब बिटूमिन की अंतिम बेस का काम भी कर दिया गया है।

## इधर, पुराने शहर में मेट्रो की सात दिन और टेस्टिंग

मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट की पहली लाइन के दूसरे भाग का काम पुराने शहर में अभी शुरू होने में एक सप्ताह का समय लग सकता है। मेट्रो ट्रेन कारपोरेशन के अफसरों का कहना है कि अंडरग्राउंड लाइन का काम सबसे पहले शुरू करेंगे। इसके लिए अभी सात दिन और टेस्टिंग चलेगी। टेस्टिंग के बाद त्योहारों की वजह से काम में करीब एक सप्ताह की ओर देरी हो सकती है। इस माह आखिर तक सुरंग बनाने के लिए भारी मशीनरी जरूर शहर में पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है।